शुक्रवार, 9 जनवरी 2026

मौसम

तापमान 11 – 22
आर्द्रता 72%
सूर्योदयः 06:18 सूर्यास्तः 17:08

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : अधूरा ज्ञान और छोटी सोच हमेशा समस्या ही पैदा करते हैं।



आवारा कुत्ते मामलाः उच्चतम न्यायालय ने कहा, सड़कों से हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया पृष्ठ 7

# आई-पैक प्रमुख के कार्यालय और घर पर ईडी का छापा, छापेमारी के बीच पहुंची मुख्यमंत्री

## छापेमारी से भड़की ममता, कार्यालय से फाइल व लैपटॉप लेकर गईं



छापेमारी के दौरान तैनात केंद्रीय सुरक्षा बल



ईडी के अफसरों ने प्रतीक के घर और ऑफिस से कई डॉक्यूमेंट्स जब्त किए।

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी की ओर से गुरुवार को कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के लिए राजनीतिक व चुनावी प्रबंधन का काम कर रही संस्था इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) और इसके निदेशक प्रतीक जैन के परिसरों पर कोयला तस्करी मामले में धनशोधन की जांच के तहत चलाए गए मैराथन तलाश अभियान के दौरान अभूतपूर्व हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। लगभग 12 घंटे तक चली छापेमारी से तिलमिलाई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले सुबह में लाउडन स्ट्रीट स्थित जैन के आवास पर पहुंची तथा उसके बाद साल्टलेक सेक्टर-5 स्थित कार्यालय गईं। ममता यहां से एक फाइल व लैपटॉप लेकर निकलीं। इसके बाद, वह यहां करीब चार घंटे तक रहीं।

**कोलकाता पुलिस की भूमिका पर सवाल**

छापेमारी के दौरान कोलकाता पुलिस के शीर्ष अधिकारियों, जिनमें पुलिस आयुक्त और उपायुक्त (दक्षिण) शामिल थे, ने परिसर में प्रवेश कर ईडी अधिकारियों के पहचान पत्रों की जांच की। ईडी का कहना है कि उनकी कार्रवाई पूरी तरह कानूनी थी, लेकिन राज्य प्रशासन के हस्तक्षेप ने पीएमएलए के तहत चल रही जांच में बड़ी बाधा उत्पन्न की है।

**प्रतीक जैन के परिजनों ने ईडी के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर**

छापेमारी की कार्रवाई के बाद, आई-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के परिवार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ गुरुवार की शाम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने उनके घर पर हुई तलाशी के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी होने का आरोप लगाया है। सूत्रों के अनुसार, प्रतीक जैन की पत्नी कोलकाता के शेक्सपियर सरणी थाने में ईडी पर दस्तावेजों की चोरी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई।

### 'मुख्यमंत्री छापेमारी के दौरान सबूत अपने साथ ले गईं', ईडी ने जारी किया बयान

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कथित कोयला तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले में आई-पैक के निदेशक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास में उसकी छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री जबरन इमारत में दाखिल हो गईं और दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित 'महत्वपूर्ण' सबूत अपने साथ ले गईं। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में आरोप लगाया कि ममता बनर्जी साल्टलेक स्थित आई-पैक कार्यालय भी पहुंच गईं और उन्होंने, उनके सहयोगियों और राज्य पुलिस ने जबरन मौके से दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य हटा दिए। ईडी ने बताया कि उसका धनशोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 2020 में अनूप मांझी उर्फ 'लाला' के नेतृत्व वाले कोयला तस्करी गिरोह के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है। उसने बताया कि इसके तहत पश्चिम बंगाल के छह और दिल्ली के चार सहित कुल 10 परिसरों पर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। संघीय एजेंसी के मुताबिक, कोयला तस्करी से जुड़े एक हवाला कारोबारी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक की पंजीकृत कंपनी इंडियन पीएसी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को करोड़ों रुपये के लेनदेन में सुविधा प्रदान की। ईडी ने आरोप लगाया कि आई-पैक भी हवाला के पैसों से जुड़े संगठनों में से एक है। उसके मुताबिक, मुख्यमंत्री के बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों के साथ आने तक छापेमारी की कार्यवाही शांतिपूर्ण और पेशेवर तरीके से चल रही थी। ईडी ने कहा कि ममता बनर्जी और कोलकाता पुलिस आयुक्त के कदम से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही जांच और कार्यवाही में 'बाधा' उत्पन्न हुई। बयान में कहा गया कि यह स्पष्ट किया जाता है कि तलाशी साक्ष्य-आधारित है और किसी भी राजनीतिक प्रतिष्ठान को निशाना बनाकर नहीं की जाती। किसी भी पार्टी कार्यालय की तलाशी नहीं ली गई है। यह तलाशी किसी भी चुनाव से संबंधित नहीं है, और यह धनशोधन के खिलाफ नियमित कार्रवाई का हिस्सा है। यह स्थापित कानूनी प्रावधानों के अनुसार ही की जा रही है।

### एक तरफ ईडी तो दूसरी तरफ प्रतीक जैन पहुंचे हाई कोर्ट, आज सुनवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव सलाहकार आई-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के घर पर छापे के दौरान एक लैपटॉप, फोन और कई दस्तावेज अपने साथ ले गईं हैं। इस मामले में ईडी हाई कोर्ट गई है, जो शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई कर सकता है। दूसरी तरफ, आई-पैक के सह-संस्थापक प्रतीक जैन ने गुरुवार की दोपहर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ में याचिका दायर की। उन्होंने ईडी द्वारा उसी दिन उनके लाउडन स्ट्रीट स्थित आवास और कोलकाता के उत्तरी उपनगर में स्थित आई-पैक कार्यालय पर की गई छापेमारी और तलाशी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति सुव्रा घोष की एकल पीठ ने जैन की याचिका को स्वीकार कर लिया है।

## ममता ने छापेमारी को राजनीति से प्रेरित व असंवैधानिक बताया

- ईडी पर टीएमसी की चुनावी रणनीति से जुड़े दस्तावेजों की चोरी करने का लगाया आरोप
- ईडी की कार्रवाई के खिलाफ आज सड़क पर उतरेंगी ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी द्वारा राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के प्रमुख प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास व कार्यालयों पर गुरुवार को छापेमारी से आगबबूला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा व केंद्र पर जोरदार हमला बोलते हुए इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित और असंवैधानिक बताया। भाजपा, केंद्र व ईडी पर गंभीर आरोप लगाते हुए ममता ने दावा किया कि छापेमारी के दौरान ईडी ने पार्टी के आंतरिक व चुनावी रणनीति से जुड़े दस्तावेज, हार्ड डिस्क, संवेदनशील संगठनात्मक डाटा और उम्मीदवारों की गोपनीय सूची, एसआईआर का डेटा सहित लैपटॉप, फोन व दस्तावेज सब चुराकर व लूटकर ले गई। ममता ने इस कार्रवाई को भाजपा और गृह मंत्री अमित शाह की साजिश बताते हुए टीएमसी की चुनावी रणनीति की चोरी करने का आरोप लगाया। ममता ईडी की छापेमारी की कार्रवाई के बीच जैन के लाउडन स्ट्रीट स्थित आवास के बाद दोपहर में साल्टलेक सेक्टर-पांच स्थित आई-पैक के कार्यालय भी गईं। आई-पैक कार्यालय से शाम में करीब चार घंटे बाद बाहर निकलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में ममता ने ये आरोप लगाए। ममता ने कहा कि पार्टी की रणनीति जब्त करना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। ममता ने कहा कि सुबह छह बजे जब कार्यालय में कोई नहीं था तभी ईडी फोरेंसिक टीम को लेकर पहुंची और छापेमारी के नाम पर तृणमूल का गोपनीय डेटा हस्तांतरित व चोरी करने का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि यह अपराध है। इसके लिए ईडी के खिलाफ एफआईआर की जाएगी।

**अमित शाह को सबसे खराब गृह मंत्री बताया**

ममता ने गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला करते हुए पूछा कि क्या ईडी, अमित शाह का काम राजनीतिक पार्टी की हार्ड डिस्क, उम्मीदवारों की सूची व रणनीति चुराना या इकट्ठा करना है? इस कार्रवाई को डराने-धमकाने का कृत्य बताते हुए ममता ने कहा कि यह (अमित शाह) सबसे खराब व अक्षम गृह मंत्री जो देश की सुरक्षा नहीं संभाल पा रहे हैं, वे अब छापेमारी कराकर मेरी पार्टी के सारे दस्तावेज ले जा रहे हैं। ममता ने कहा कि अगर मैं भाजपा के कार्यालय पर रेड करूं तो क्या होगा?

**ईडी छापेमारी के खिलाफ आज ममता निकालेगी निकालेंगे विरोध रैली**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने छापेमारी की कार्रवाई के खिलाफ शुक्रवार को विरोध रैली निकालने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने तलाशी अभियान को लेकर केंद्र सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि आज मैं जादवपुर 8बी बस स्टैंड से हाजरा चौराहे तक विरोध रैली का नेतृत्व करूंगी।

## राजस्थान मिड डे मील घोटाला: कोविड काल में 2000 करोड़ की हेराफेरी

- 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**जयपुर :** राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान राज्य में 'मिड डे मील' योजना के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कथित गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार के आरोप में 'कॉनफैड' और निजी कंपनियों के कई अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, 'मिड डे मील' योजना में 2000 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला उजागर होने के बाद राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (कॉनफैड) व निजी फर्मों के 21 लोगों को नामजद करते हुए एसीबी में मामला दर्ज किया गया है। ब्यूरो द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान विद्यालय बंद रहने की अवधि में राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए 'कॉनफैड' के माध्यम से दाल, तेल, मसाले आदि से युक्त 'कॉम्बो पैक' की आपूर्ति की गई थी। इस सामग्री को एफएसएसएआई एवं एगमार्क मानकों के अनुरूप बताते हुए राज्य के विद्यालयों तक 'डोर-स्टेप डिलीवरी' किए जाने का दावा किया गया था। इस योजना के क्रियान्वयन में भारी अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त होने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने प्राथमिक जांच दर्ज की।



## बांग्लादेश ने नई दिल्ली, कोलकाता और अगरतला में वीजा सेवाएं रोकी

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर दिल्ली सहित भारत में स्थित अपने प्रमुख मिशनों से वीजा सेवाएं निलंबित करने को कहा है। विदेश मामलों के सलाहकार एम.तौहीद हुसैन ने अपने कार्यालय में एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि बांग्लादेश ने अमेरिका द्वारा हाल में लागू की गई 'वीजा बॉन्ड' की आवश्यकता को भी रद्द करने की मांग की है। हुसैन ने कहा, मैंने भारत में स्थित अपने तीनों मिशनों को फिलहाल वीजा संबंधी खंड बंद रखने के लिए कहा है। यह सुरक्षा का मामला है। सलाहकार की यह टिप्पणी तब आई जब कोलकाता स्थित बांग्लादेश के उप उच्चायोग ने रातोंरात वीजा सेवाओं को बंद कर दिया, जबकि दिल्ली और अगरतला में भी इसी तरह के कदम उठाए गए थे, जिनमें व्यापार और कार्य वीजा को इसके दायरे से बाहर रखा गया था। बांग्लादेश के मुंबई और चेन्नई में भी राजनयिक मिशन हैं, जहां वीजा सेवाएं चालू रहीं। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इससे पहले पांच अगस्त 2024 के बाद बांग्लादेशी नागरिकों के लिए वीजा पर रोक लगा दी थी।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### भारत और जर्मनी के बीच ऐतिहासिक डील की तैयारी

**नयी दिल्ली :** रक्षा क्षेत्र में भारत की तीनों सेनाएं लगातार मजबूत होती जा रही हैं। इसी कड़ी में भारतीय रक्षा मंत्रालय और जर्मनी के रक्षा मंत्रालय के बीच अब तक की सबसे बड़ी डील होने जा रही है। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भारत दौरे पर आने वाले हैं। भारतीय नौसेना सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात में भारतीय नौसेना के बेड़े के लिए नई पीढ़ी की छह पनडुब्बियों के संयुक्त निर्माण पर सहमति बन सकती है। रक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भारत और जर्मनी के बीच यह डील करीब 8 अरब डॉलर की होगी। जर्मनी की कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स और भारत की मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मिलकर इन पनडुब्बियों का निर्माण करेंगी। भारतीय नौसेना का लक्ष्य वर्ष 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर बनना है। यह डील मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई मजबूती देगी।

### सरकारी नौकरियों में फर्जीवाड़ा: ईडी की कोलकाता समेत छह राज्यों में छापेमारी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'फर्जी' सरकारी नौकरी घोटाला मामले में धनशोधन की जांच के तहत बृहस्पतिवार को छह राज्यों में 15 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सरकारी नौकरियों के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र भेजने से जुड़े एक मामले में धनशोधन की जांच के तहत की गई। उन्होंने बताया कि एक संगठित गिरोह पर एजेंसी की नजर है। उन्होंने कहा कि ईडी का पटना कार्यालय बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, गुजरात और उत्तर प्रदेश में तलाश अभियान चला रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शुरू में तो इस घोटाले का पता रेलवे के नाम पर चला, लेकिन गहन जांच में मालूम हुआ कि इसमें वन विभाग, आरआरबी (रेलवे भर्ती बोर्ड), इंडिया पोस्ट, आयकर विभाग, कुछ उच्च न्यायालय, पीडब्ल्यूडी, बिहार सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण, राजस्थान सचिवालय और अन्य समेत 40 से अधिक सरकारी संगठन और विभाग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ईडी ने पाया कि गिरोह ने फर्जी ईमेल खातों का इस्तेमाल करके फर्जी नियुक्ति पत्र भेजे।

## भारतीय एआई मॉडल विशिष्ट होने चाहिए, स्वदेशी सामग्री को बढ़ावा मिले: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत पर दुनिया का विश्वास ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि भारतीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल नैतिक, निष्पक्ष और पारदर्शी होने के साथ-साथ डेटा गोपनीयता सिद्धांतों पर आधारित हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्टार्टअप को इस देश से वैश्विक नेतृत्व की दिशा में काम करना चाहिए और उल्लेख किया कि भारत वहनीय एआई, समावेशी एआई और मितव्ययी नवाचार को विश्व स्तर पर बढ़ावा दे सकता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से पहले, भारतीय एआई स्टार्टअप के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने सुझाव दिया कि भारतीय एआई मॉडल विशिष्ट होने चाहिए और उन्हें स्थानीय और स्वदेशी सामग्री तथा क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्यमी देश के भविष्य के सह-निर्माता हैं। अगले महीने आयोजित होने वाले 'एआई फॉर ऑल: ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज' शिखर सम्मेलन के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने बैठक में भाग लिया तथा अपने विचारों और कार्य से अवगत कराया। बाद में, 'एक्स' पर एक पोस्ट में, मोदी ने कहा कि उन्होंने भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर चर्चा की। उन्होंने कहा, ''यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने एआई की दुनिया में भारत के परिवर्तन के बारे में अपना दृष्टिकोण और कार्य साझा किया। यह प्रशंसनीय है कि ये स्टार्टअप ई-कॉमर्स, मार्केटिंग, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, सामग्री अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा अनुसंधान जैसे विविध क्षेत्रों में काम कर रहे हैं।''

## रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी शुल्क के प्रावधान वाले विधेयक को ट्रंप का समर्थन: अमेरिकी सीनेटर

**भारत पर अब 500 फ़ीसदी अमेरिकी टैरिफ़ का ख़तरा**

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उस विधेयक का समर्थन किया है, जिसके तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया जा सकता है। इस कदम से व्हाइट हाउस को चीन और भारत जैसे देशों पर मॉस्को से सस्ता तेल खरीदना बंद करने का दबाव बनाने की व्यापक गुंजाइश मिलेगी। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बुधवार को कहा कि यह विधेयक चीन, भारत और ब्राजील जैसे देशों के खिलाफ व्हाइट हाउस को बेहद मजबूत दबाव बनाने का साधन प्रदान करेगा, ताकि उन्हें रूस से सस्ता तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रेरित किया जा सके। ग्राहम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज राष्ट्रपति ट्रंप के साथ विभिन्न मुद्दों पर बेहद सार्थक बैठक के बाद उन्होंने उस द्विदलीय रूस प्रतिबंध विधेयक को हरी झंडी दे दी है, जिस पर मैं कई महीनों से सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल और अन्य के साथ काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा, यह सही समय पर आया है, क्योंकि यूक्रेन शांति के लिए रियायतें दे रहा है, जबकि पुतिन केवल बयानबाजी कर रहे हैं और निर्दोष लोगों की हत्या जारी है। यह विधेयक राष्ट्रपति ट्रंप को उन देशों को दंडित करने की अनुमति देगा, जो सस्ता रूसी तेल खरीदकर पुतिन की युद्ध मशीन को ईंधन दे रहे हैं।

## जौनपुर नागरिक संघ (कोलकाता)

4/4 जी. टी. रोड, तीसरा तल्ला, हावड़ा-711101

### श्री गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर-2025

समय : अपराह्न 2 बजे

स्थान : आउट्राम घाट (बाबूघाट के पास) मोहनबागान क्लब के पीछे

सेवा कार्य :

9 जनवरी शुक्रवार से 17 जनवरी शनिवार 2026 तक

जौनपुर नागरिक संघ सामाजिक सेवा कार्यों में एक अग्रणी संस्था है। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दूर-दूर से आए हुए तीर्थ यात्रियों के सेवार्थ संघ द्वारा एक विशाल सेवा-शिविर का आयोजन किया गया है। संघ द्वारा निःशुल्क आवास, भोजन, चाय, नाश्ता एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था की गयी है।

दीप प्रज्ज्वलन : श्री रामभुआल तिवारी चेयरमैन, जौनपुर नागरिक संघ
कार्यक्रम अध्यक्ष : श्री मनोज आर. बी. तिवारी सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी
उद्घाटनकर्ता : श्री सुधीर पाटोदिया सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी
प्रधान अतिथि : श्रीमती रीता मुरारका परम धर्मज्ञ एवं समाजसेवी
विशिष्ट अतिथि : श्री लक्ष्मीकांत तिवारी परम धर्मज्ञ एवं समाजसेवी
प्रधान वक्ता : श्री तारकनाथ त्रिवेदी अध्यक्ष गंगासागर सेवा शिविर
विशिष्ट वक्ता : श्री प्रेम शंकर त्रिपाठी, श्री विजय उपाध्याय (पार्षद), श्री संतोष पाठक (पार्षद) श्री संजय सिंह (पूर्व पार्षद), श्री सज्जय उपाध्याय, श्री राजेश सिन्हा (पार्षद), श्री विजय ओझा (पार्षद), श्री महेश शर्मा (पार्षद), श्री अनवर खान, श्री अनिल कुमार राय (समाज्ञा)
गौरवमयी उपस्थिति : श्री शैलेन्द्र सिंह, श्री पप्पू सिंह, श्री रणविजय सिंह, श्री शिवसहाय मिश्र श्री कृपाशंकर मिश्रा, श्री भोला सोनकर, श्री गौरीशंकर पाण्डेय, श्री अनिल गुप्ता, श्रीमती दया राम (पुत्रवधू रामप्यारे राम), श्री श्रीराम वर्मा, श्री राम सिंह, श्री दीपय यामव, श्री पुरुषोत्तम मिश्रा, श्री पंकज भड़ेच, श्री राजेन्द्र प्रसाद साव, श्री रामलखन गुप्ता, श्री शिवकुमार विश्वकर्मा, श्री शिवशंकर सिंह, श्री शम्भू नाथ जायसवाल, श्री विजय शंकर दुबे, श्री अनिल तिवारी, श्री अनिल गुप्ता (अध्यक्ष हा. भा. साहु समाज), श्री अशोक कुमार गुप्ता, श्री चयन साहा, श्री महेन्द्र जायसवाल, श्री तारकनाथ जायसवाल, श्री सुरेश जायसवाल, श्री राजेश जायसवाल, श्री राजेश जायसवाल, श्री सोमनाथ गुप्ता, श्रीमती लीला जायसवाल, श्री रामचन्द्र शर्मा (अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज हावड़ा) श्री रमेश अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल, श्री अजय गुप्ता, श्री रमाशंकर मिश्रा, श्री विकास जायसाल, श्री राजेश यादव, श्री लालता प्रसाद जायसवाल, श्री विनोद दुबे, श्री मोहिन्दर सिंह, श्री भंवरलाल मोहता, श्री बीरबल यादव, श्री रविन्द्र उपाध्याय
संजय उपाध्याय धर्मानुरागी एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी
मंगलाचरण : आचार्य माताशंकर पाण्डेय (वास्तुविद एवं ज्योतिषाचार्य)
मास्टर आराध्य मिश्र, मास्टर आयुष मिश्र
मंच संचालन : सुरेन्द्र प्रसाद दूबे, शिवशंकर गुप्ता
शिविर परिदर्शक : श्री रामप्रवेश चौबे, श्री हरीश तिवारी, श्री अशोक तिवारी, श्री तरुण मिश्रा, श्री ओम प्रकाश पाण्डेय, श्री आनन्द प्रकाश गुप्ता, श्री संतोष पाण्डेय, श्री शिवशंकर पाण्डेय, श्री इन्द्रभान गुप्ता, श्री छोटेलाल दुबे, अखिलेश उपाध्याय
स्वगताध्यक्ष : श्री राजेश उपाध्याय, श्री रामेश्वर साव, श्री विजय कुमार दुबे, श्री विजय पाण्डेय, श्री पंकज दुबे, श्री सुभाष अग्रवाल, श्री अशोक सिंह, श्री रमाशंकर मिश्र, श्री संदीप उपाध्याय
विशेष उपस्थिति : श्री रामनरेश जायसवाल, श्री दिलीप गुप्ता, श्री सरोज तिवारी, श्री कृष्णदेव शुक्ला, श्री संजय तिवारी, श्री नितेश तिवारी, श्री सुरेन्द्र कुमार मिश्र, श्री चंद्रिका साव, श्री नागेश पांडे, श्री रोशन गुप्ता श्री राम आशीष साव, श्री चंद्रभूष पांडे श्री पवन उपाध्याय (गुड्डू), श्री राजनाथ चौबे, अरविन्द तिवारी

शिविर प्रबंधक : नरेन्द्र तिवारी, राधेश्याम तिवारी, अशोक शर्मा, शैलेष दूबे, आनन्द कुमार पाण्डेय, राजकुमार गुप्ता, सुशील सिंह, ओंकारनाथ दुबे, रामनाथ चौबे

परामर्श मण्डल : अनिल दूबे (सीएस), ओमप्रकाश तिवारी, रमाशंकर उपाध्याय, रमेश चर्तुवेदी, राजन साव (टिंकू)
विशेष सहयोगी : शिवशंकर विश्वकर्मा, डॉ प्रदीप उयाध्याय, डॉ शशिकांत दूबे, जय शर्मा, सुबेदार चर्तुवेदी
प्रचार मंत्री : वेद प्रकाश पाठक, जयप्रकाश गुप्ता, संजय गुप्ता, नीरज पाठक, अलंकुश उपाध्याय

निवेदक :

संयोजक : अशोक यादव
कोषाध्यक्ष : रामजी मिश्र
सचिव : कमलाशंकर शर्मा
अध्यक्ष : लालमणि मिश्र

# शिक्षकों से कुत्तों की गिनती कराना अनुचित

हाल के दिनों में देश की शीर्ष अदालत से लेकर आम विमर्श तक में आवारा कुत्तों का मामला सुर्खियों में रहा है। इस संवेदनशील, जटिल व विवादास्पद मुद्दे से जुड़े कई तरह के अंतर्विरोध सामने आ रहे हैं। लेकिन इस कड़ी में बिहार के एक नगर निगम के बेतुके फरमान को लेकर आलोचना की जा रही है। यह निर्णय न केवल बेतुका है बल्कि हास्यास्पद भी है। बिहार के सासाराम के नगर निगम ने शिक्षकों से सड़कों में घूमने वाले आवारा कुत्तों की गिनती करने को कहा है। दरअसल, अदालत के निर्देशों के अनुरूप स्थानीय निकायों की इस बाबत जवाबदेही तय की गई है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों व गिरते परीक्षा परिणाम के बावजूद शिक्षकों को गैर–शिक्षण कार्यों में लगाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। वहीं दूसरी ओर हर छोटे–बड़े सरकारी अभियान में शिक्षकों की जिम्मेदारी लगाना प्रशासनिक विफलता को भी उजागर करता है। कभी जनगणना, कभी चुनावी ड्यूटी तो कभी आपदा सर्वेक्षण, और अब कुत्तों की गिनती का बेतुका काम शिक्षकों के जिम्मे लगा दिया गया है। दरअसल, बिहार के शिक्षक विषम परिस्थितियों के चलते पहले ही अत्यधिक दबाव में हैं। जिसके कारण वे शैक्षणिक जिम्मेदारियों व गैर–शिक्षण दायित्वों के लगातार बढ़ते बोझ के बीच संतुलन बनाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं है कि हर इस तरह का व्यवधान कक्षा के समय, पाठ योजना और छात्रों की सहभागिता को गहरे तक प्रभावित करता है। निश्चित रूप से प्राथमिक शिक्षा बच्चे के विकास की नींव रखती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहता है। वर्षों से पेश की जा रही एएसईआर रिपोर्टों में कई बार उजागर किया गया है कि बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम देश में सबसे कमजोर रहा है। जो कि एक चिंता का विषय बना हुआ है।

ऐसे में जब पहले ही बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहता है तो शिक्षकों को एक और गैर–शैक्षणिक कार्य के लिये कक्षाओं से बाहर निकालना, निस्संदेह शिक्षा व्यवस्था के लिए आत्मघाती कदम ही कहा जाएगा। इससे भी बुरी बात यह है कि यह आदेश कई वास्तविक खतरों से भरा है। आवारा कुत्तों की गिनती करना शिक्षण के कागजी कार्य के समान सहज नहीं है। निश्चित रूप से अनेक शिक्षक ऐसे होंगे जो कुत्तों से डरते भी होंगे। खासकर शिक्षिकाओं के लिये यह कार्य खासा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कुछ लोग इस गणना प्रक्रिया में वास्तविक खतरे का सामना भी कर सकते हैं। इस बात का संकेत शीर्ष अदालत की टिप्पणी में भी मिलता है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया था कि किसी कुत्ते के मन को पढ़ना या यह अनुमान लगाना असंभव है कि कोई जानवर कब आक्रामक हो जाएगा। निश्चित रूप से अप्रशिक्षित शिक्षकों को ऐसे कार्य करने के लिए कहना, उनकी सुरक्षा के लिये भी चुनौती होगी। खासकर तब जब आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं और रेबीज से होने वाली जीवन क्षति सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये चिंता का विषय बनी हुई हैं। ऐसे में नगर निगम के आदेश की तार्किकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण और जन सुरक्षा उपायों को लागू करने में नगरपालिकाओं की विफलता पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद एक स्थानीय निकाय ने अपनी मूल जिम्मेदारी शिक्षकों पर थोपकर इसका जवाब दिया है। निश्चित रूप से यह अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने जैसा है। निर्विवाद रूप से इस बेतुके आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की जरूरत है। सही मायनों में नगरपालिका के अधिकारियों को अपना काम करना चाहिए और शिक्षकों को भी अपना काम करने की आजादी दी जानी चाहिए। यह समस्या केवल शिक्षकों की ही नहीं है बल्कि यह हमारे नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसे में शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा अन्यत्र काम सौंपना, कहीं न कहीं छात्रों और छात्राओं को शिक्षा पाने के अधिकार से वंचित करने जैसा भी है।

## ।। नीति–कुण्डलिया ।।



गिरिधर राय
प्रतिष्ठित हास्य कवि

**पैसा कतहुँ न छोड़िए, माँगत रहिए मीत**
**आज नहीं कल करेंगे, समय जात है बीत**
**समय जात है बीत, गढ़ें नित नए बहाने**
**रिश्ते टूटत जात, बने हम ही अनजाने**
**कहते गिरिधर राय– मित्र लागे रिपु जैसा**
**होवत बड़ी खुआर, छोड़िए कतहुँ न पैसा**

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 जनवरी, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष षष्ठी, 07:06 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 13:39 तक, योग : शोभना, 16:57 तक, सूर्योदय: 06:18, सूर्यास्त: 17:08, चन्द्रोदय : 22:58, चन्द्रास्त: 10:22, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 10:23 से 11:43

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को जीवनसाथी से किसी भी बात को छिपाने से बचना चाहिए। ऐसे में सायंकाल के बाद घर परिवार में कटुता व्याप्त हो सकती है। आपकी मनोदशा में तनाव से मुक्ति मिलेगी।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों का कामकाज अच्छा चलेगा। आप अपनी सभी गतिविधियों को जरूरत के मुताबिक संचालित करने में सफल रहेंगे। संगी साथी आपको मदद देने के लिए तैयार रहेंगे।

**मिथुन :** करियर में बदलाव लाने की कोशिश बेकार जाएगी। ग्रह दशा बता रही है कि अभी परिस्थिति ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने हम सफर से सलाह जरूर ले लें।

**कर्क :** आज के दिन किसी नए प्रोजेक्ट पर आपका ध्यान आकर्षित हो सकता है। इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपोर्ट भी आपको मिलता दिख रहा है।

**सिंह :** अगर सैर सपाटे की योजना बन सकती है। ऐसे में यात्रा के लिए आपको कुछ तैयारी करनी पड़ेगी। समय रहते कुछ अधूरे काम भी आपको पूरे करने होंगे।

**कन्या :** यदि आप किसी काम के लिए संकल्प लेंगे तो वह कार्य पूर्ण करके ही दम लेंगे। किसी के एडमिशन या फिर यात्रा आदि से संबंधित कोई व्यवस्था करनी पड़ सकती है।

**तुला :** परिवार में तीर्थ यात्रा आदि का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों के लिए कुछ धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है। घर के वरिष्ठ सदस्य से टकराव मोल लेना आपके हित में नहीं होगा।

**वृश्चिक :** अपने बिजनेस या प्रोस्पेक्टस को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाना पड़ेगा। आर्थिक क्षेत्र में अभी ज्यादा भागदौड़ देखने को नहीं मिलेगा। हल्की फुल्की देनदारियां चुकाने का समय है।

**धनु :** किसी खास सदस्य के खराब स्वास्थ्य के कारण घर परिवार का वातावरण कुछ परेशान करने वाला रहेगा। तनाव से उबरने का रास्ता यहीं है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें।

**मकर :** मकर राशि वालों की शारीरिक शिथिलता और अस्वस्थता खत्म होगी। आपके द्वारा किए गए उपाय का अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा। किसी खराब पड़ी वस्तु का पुनः संचालन हो जायेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नज़रों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा।

**मीन :** आज आप कुछ मायूसी के मूड में रहेंगे। विपरीत हालातों से मन को व्यथा होगी। युवा वर्ग को दाम्पत्य जीवन अथवा प्रेम संबंधों को लेकर शिकायत रहेगी।

# मिथ्या चेतना का दर्शनशास्त्र



श्री हरदीप एस पुरी

भारत में 2026 के आरंभ में सार्वजनिक बहस नववर्ष के अनुशासन के साथ शुरू होनी चाहिए। हमें पड़ताल और तीखी आलोचनाओं का भी स्वागत करना चाहिए। लेकिन इस बात पर भी जोर देना चाहिए कि बहस के साथ जवाबदेही शामिल हो। कुल 1.4 अरब की आबादी वाले गणराज्य को निराशावाद से नहीं सुधारा जा सकता। रोजगार, उत्पादकता, निर्यात और समावेशन सबसे अच्छे समय में भी आसान नहीं होते। प्रगति डिजाइन, क्रियान्वयन, सुधार और परिमापन के नीरस मेल से आती है। नया साल निराशावाद को संशयवाद से अलग करने का भी क्षण है।

फ्रेडरिक नीत्शे ने 'बेयांड गुड एंड ईवल' में लिखा हैः 'दार्शनिक को सिर्फ आलोचक या दर्शक होने के बजाय मूल्यों का सर्जक होना चाहिए। उसे तत्वचिंतन जीवन के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके नजरिए से करना चाहिए।' लोकनीति में इसी तरह के दृष्टिकोण की दरकार है। आलोचनाओं का स्वागत है। मगर ये साक्ष्य तथा एक जटिल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र का शासन चलाने की ज्वलंत बाधाओं से आबद्ध होनी चाहिए। जब संशयवाद एक भंगिमा बन जाए तो यह सुधार संभव बनाने वाली संस्थाओं में विश्वास को खत्म करता है।

पिछले वर्षों में टिप्पणी की एक नई विधा सामने आई है। यह संदेह को सुसंस्करण के तौर पर पेश करती है। यह सुधार के कार्य को मजाक में तब्दील कर देती है। यह हर अपूर्ण परिवर्तन को स्थाई नाकामी के सबूत के तौर पर लेती है। यह एक चिरपरिचित सांत्वना पेश करती हैः भारत कदाचित अपने ही नीति निर्माताओं से अभिशप्त है। इस दृष्टिकोण के अपने नतीजे हैं। यह आंकड़ों और बाजारों में विश्वास को घटाता है। यह उद्यमियों और निवेशकों में नियतिवाद को प्रोत्साहित करता है। साथ ही यह बाहरी ताकतों को वार्ताओं में भारत को दबाव में लाने के लिए तैयार कथानक भी प्रदान करता है। विशेषज्ञता को तथ्यों के प्रति जवाबदेह बने रहना चाहिए।

मजबूत पेशेवर और शैक्षिक पृष्ठभूमि का दंभ भरने वाले कुछ टिप्पणीकारों का इस तरह की भंगिमा का सहारा लेना चिंता की बात है। इनमें से कुछ ऐसे टिप्पणीकारों को मैं जानता हूं जिनकी पहचान और विश्वसनीयता भारत पर आधारित है। लेकिन वे संभवतः ध्यानाकर्षण या अब सरकार का हिस्सा नहीं होने के बावजूद प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए देश के खिलाफ अनाप–शनाप बोल कर अपना कॅरियर बनाने की कोशिश में लगे हैं।

उनका यह आरोप कि भारत के आंकड़े विशिष्ट तौर पर अविश्वसनीय हैं, हमारी विकास की दिशा के साथ मेल नहीं खाते। माल और सेवा कर (जीएसटी) के अंतर्गत टैक्स संग्रह में जो वृद्धि हुई और इसने अनुपालन की जिस संस्कृति को पैदा किया है वह एक दशक पहले नहीं थी। वर्ष 2024–25 में सकल जीएसटी संग्रह 22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा। यानी औसतन प्रति माह 1.8 लाख करोड़ रुपए जीएसटी का संग्रह किया गया। डिजिटल भुगतान ने वित्तीय प्रदर्शन का एक और निशान छोड़ा है। नवंबर 2025 में यूपीआई के जरिए 26 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रकम के 20 अरब लेन–देन किए गए। ये वृहत और परखे जाने योग्य आंकड़े परिमापन, सत्यापन और तौरतरीकों में सुधार के लिए संभावना का विस्तार करते हैं।

कल्याण और समावेशन में परिमापित परिणाम इस नियतिवाद की और हवा निकाल देते हैं। नीति आयोग के राष्ट्रीय बहुआयामी निर्धनता सूचकांक के अनुसार 2013–14 और 2022–23 के बीच लगभग 24 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर आ गए। अब बहुआयामी निर्धनता लगभग 30 प्रतिशत से घट कर तकरीबन 11 प्रतिशत रह गई है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) से डिलीवरी दुरुस्त हुई है। वर्ष 2025 में 45 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण हुआ। डीबीटी काल में धन के अपव्यय में कमी के जरिए 3.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रकम की बचत हुई। वित्तीय समावेशन 56 करोड़ से ज्यादा जन धन खातों के साथ अब सार्वजनिक अवसंरचना बन गया है।

वित्तीय अनुशासन में सुधार के प्रभाव अब दिखाई देने लगे हैं। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैरनिष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 2018 में 11.2 प्रतिशत से घट कर 2025 में 2.1 प्रतिशत रह गई है। यह सिर्फ खयाली पुलाव बनाने से नहीं हुआ। यह बैलेंस शीट्स की लगातार सफाई, सख्त निगरानी और एक ऐसे तंत्र को प्रतिबिंबित करता है जिसने सदाबहार ऋण और गुप्त हानियों की गुंजाइश को समय के साथ घटाया है। जब आलोचक कहते हैं कि शासन सुधार नहीं कर सकता तो यह आडंबरहीन कायाकल्प उनके लिए पहला जवाब है।

भारत बड़े पैमाने पर निर्माण नहीं कर सकता यह आरोप लगाने वाले मैन्युफैक्चरिंग परिवेश में हुए बदलावों को नज़रअंदाज़ करते हैं। उत्पादन–से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) कार्यक्रम के तहत, 14 क्षेत्रों में 2 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का निवेश हुआ है जिससे 18 लाख करोड़ रूपए से ज़्यादा का अतिरिक्त उत्पादन और बिक्री हुई और 12 लाख से ज़्यादा लोगों को रोजगार मिला है। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र इसका सबसे सटीक उदाहरण है: साल 2024–25 में इलेक्ट्रॉनिक्स का कुल उत्पादन 11 लाख करोड़ रुपये के पार पहुँच गया। इसमें अकेले मोबाइल फोन का उत्पादन 5.5 लाख करोड़ रुपये रहा और मोबाइल का निर्यात लगभग 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया। ये दुनिया के सबसे कठिन क्षेत्र के बाजार की परीक्षा है जिसमें भारत सफल रहा है।

व्यापार में आपकी पकड़ बेहतर प्रदर्शन और निरंतर टिके रहने से बनती है, न कि केवल निराशा जताने से। साल 2024–25 में सामान और सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब अमरीकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। टैरिफ और संरक्षणवादी प्रतिक्रियाओं की इस दुनिया में साझेदार आपकी क्षमता के आधार पर फैसला करते हैं। भारत की स्थिति तब और मजबूत होती है जब दुनिया उसे एक ऐसे बाजार के रूप में देखती है जो बड़े पैमाने पर उत्पादन करता है और खरीदता भी है और अब देश ज़रूरी क्षेत्रों में भरोसेमंद तरीके से अलग–अलग तरह की आपूर्ति कर सकता है। घरेलू सुधार और बाहरी दुनिया से जुड़ाव मिलकर भारत को मजबूत बनाते हैं और यही मजबूती हमें व्यापार के क्षेत्र में और मजबूत बनाती है।

किसी भी देश की प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति केवल एक योजना या एक मंत्रालय से नहीं आती, बल्कि यह बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स और प्रशासनिक सुधारों के मिले जुले प्रभाव का परिणाम होती है। भारत में यह सुधार औद्योगिक गलियारों, मालगाड़ियों की बेहतर कनेक्टिविटी, बंदरगाहों के बेहतर जुड़ाव और एक साथ काम करने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं, जिससे समय की बचत होती है। इसका मतलब यह नहीं है कि सभी बाधाएं खत्म हो गई हैं बल्कि महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने अब व्यवस्था बनाने, प्रक्रियाओं को आसान बनाने और बड़े पैमाने पर परिणाम देने की अपनी क्षमता को साबित किया है। सही तरीके से काम करने से उत्पादकता हफ्तों में नहीं बढ़ती बल्कि इसमें कई वर्ष लग जाते हैं।

कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में कमियां गिनाना और यह मान लेना आसान है कि कुछ भी ठीक नहीं हो सकता। अब नीति का रुख बदल गया है। अब सरकार का ध्यान सीधे तौर पर मदद पहुँचाने और ऐसी संपदा बनाने पर है, जो उत्पादकता और सम्मान दोनों बढ़ाती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण जल जीवन मिशन है, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12.5 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों में नल से पानी का कनेक्शन पहुँचाया गया है। इससे न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, बल्कि परिवारों पर पानी भरने के बोझ कम हुआ है और समय की बर्बादी भी कम हुई है।

विकास के लाभ सब तक पहुँचने की कहानी स्वास्थ्य, आवास और ऊर्जा के क्षेत्र में भी दिखाई देती है। आयुष्मान भारत ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 42 करोड़ से ज़्यादा कार्ड जारी किए हैं, जिससे परिवारों को गंभीर बीमारियों के भारी खर्च नहीं करने पर आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ घर बनकर तैयार हो चुके हैं, जिससे परिवारों को न केवल अपनी संपत्ति मिली है बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का एक ठोस आधार भी दिया है। इसी तरह, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से ज़्यादा एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे उन घरों तक स्वच्छ ईंधन पहुँचा है जो कभी धुएँ और कठिन परिश्रम के जाल में फंसे थे।

ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह वह व्यावहारिक आधार है जिस पर लोगों की आकांक्षाएँ और उनकी कार्यक्षमता टिकी है।

सबसे ज़्यादा निराशा अक्सर राज्यों की स्थिति को लेकर जताई जाती है जैसे कि एक अरब से ज़्यादा लोगों के देश को एक ही तरीके से चलाया जा सकता हो। भारत का संघीय ढांचा थोड़ा शोर–शराबे वाला ज़रूर है, लेकिन यह वक्त के साथ बदलना भी जानता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे कई राज्यों ने यह दिखा दिया है कि बेहतर कानून–व्यवस्था, परियोजनाओं की शीघ्र मंज़ूरी और अवसंरचना के निर्माण में निरंतर काम से निवेश और बेहतर नौकरियाँ मिल सकती हैं। केंद्र सरकार ने इस प्रतिस्पर्धी संघवाद को और मज़बूत किया है। इसके लिए ऐसे राष्ट्रीय प्लेटफ़ॉर्म बनाए गए हैं जिनसे राज्य जुड़ सकते हैं, ऐसा फंड बनाया है जो बेहतर काम करने पर इनाम के तौर पर दिया जाता है और सुधारों के आंकड़ों को इतना पारदर्शी बना दिया है कि जनता खुद सरकार के काम का फैसला कर सके।

भारत की प्रगति की कहानी अभी पूरी नहीं हुई है, इस पर हमेशा बहस होती रहेगी। सवाल यह है कि नए साल की शुरुआत में हम किस तरह की बहस चुनते हैं। जब बड़े–बड़े पेशेवर लोग केवल अनुमानों या इशारों को ही 'गहन विश्लेषण' मान लेते हैं, तो वे उन संस्थाओं को कमज़ोर करते हैं जो सुधारों को मुमकिन बनाती हैं। यहाँ नीत्शे की बात याद करना ज़रूरी है – एक गंभीर विचारक ऐसे मूल्य पैदा करता है जो समाज को जीने और बेहतर बनने में मदद करें। भारत ने काम करके दिखाने का कठिन रास्ता चुना है। ये नतीजे ही हैं, जो आंकड़ों में भी दिखते हैं और महसूस भी किए जाते हैं। यह किसी भी तरह की निराशा पर भारी पड़ेंगे और लंबे समय तक बने रहेंगे। साल 2026 में, भारत को ऐसी आलोचना की मांग करनी चाहिए जो नीतियों को बेहतर बनाए, न कि ऐसी टिप्पणियों की जो केवल वाहवाही लूटने के लिए देश के आत्मविश्वास को कमज़ोर करती हों। यह वह मानक हैं जो देश के भीतर सुधारों, निवेश और लोकतांत्रिक विकल्प की रक्षा करते हैं।

**(लेखक भारत सरकार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं)**

# प्रधानमंत्री की चुप्पी : विवशता, दबाव, डर, राजनीति या रणनीति?



घनश्याम बादल

हवा में इन दिनों एक सवाल सबसे ज़्यादा उद्वेलन पैदा कर रहा है कि बहुत बोलने वाले भारत के प्रधानमंत्री इन दिनों इतने चुप क्यों हैं? क्यों इतने सारे घटनाक्रमों एवं विवादों पर उन्होंने एक लंबी चुप्पी खींच रखी है?

सवाल सीधा भोला–सा नहीं, तीखा है और शायद इसी वज़ह से चुभने वाला भी है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक के बाद एक बड़े घटनाक्रम जैसे वेनेजुएला में अमेरिकी दख़ल, वहां के राष्ट्रपति का जबरदस्ती अपहरण, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले और उनकी हत्या, बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान पर आईपीएल खेलने पर बैन, डोनाल्ड ट्रंप की 500% तक टैरिफ की धमकी और रूस से तेल खरीद को लेकर भारत–अमेरिका का टकराव और बांग्लादेश का लगातार भारत को आंखेंदिखाना जैसे घटनाक्रम घटित हो रहे हैं मगर इन सबके बीच भारत सरकार, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक चुप्पी एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। यह चुप्पी विपक्ष को बोलने का मौका दे रही है और विरोधियों को बल

नरेंद्र मोदी को जानने वाले यह अच्छी तरह समझते हैं कि यह चुप्पी बेपरवाही, डर, या विवशता नहीं, बल्कि एक सोची–समझी राजनीतिक–रणनीतिक मुद्रा है। इसके पीछे के कारण और संभावित असर दोनों को ठंडे दिमाग से समझना ज़रूरी है।

वेनेजुएला में अमेरिकी हस्तक्षेप, बांग्लादेश में हिंदुओं की लगातार हत्याएँ, डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 500 प्रतिशत तक टैरिफ की धमकी और रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर बढ़ता अमेरिकी दबाव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक चुप्पी किसी खास रणनीति का हिस्सा है।

भले ही गैर जानकर या विरोधियों को लगे कि मोदी मौन है लेकिन अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिकार खूब समझ रहे हैं यह है 'नमो का मौन' नहीं अपितु उनकी चुप्पी का कहीं अधिक मुखर होकर बोलना है।

भारत की विदेश नीति लंबे समय से रणनीतिक स्वायत्तता के सिद्धांत पर टिकी रही है। लेकिन हालिया घटनाक्रम बताते हैं कि यह स्वायत्तता अब संकोच में बदलती दिख रही है।

अमेरिका अंतरराष्ट्रीय कानून को दरकिनार कर वेनेजुएला में कार्रवाई करता है –भारत मौन।

पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्या होती है–भारत औपचारिक चिंता तक सीमित। भारत के खिलाफ अभूतपूर्व टैरिफ धमकियाँ दी जाती हैं–कोई सार्वजनिक प्रतिवाद नहीं। तो क्या यह चुप्पी किसी डर या दबाव की परिणीति है?

तो इसका उत्तर है 'नहीं' यह डर या मज़बूरी नहीं ,बल्कि टकराव से बचने की नीति का संकेत है।

बेशक, अमेरिकी दबाव ऐसी वास्तविकता है जिसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता और यह भी स्वीकार करना होगा कि भारत आज भी वैश्विक आर्थिक ढांचे में पूरी तरह स्वतंत्र नहीं है।

विदेशी पूंजी,डॉलर आधारित वित्तीय प्रणाली,उन्नत तकनीक और रक्षा सहयोग

इन सब पर अमेरिका का प्रभाव साफ है।

ऐसे में भारत के लिए खुला विरोध महँगा पड़ सकता है। लेकिन यहीं से एक असहज सच्चाई सामने आती है। क्या भारत की विदेश नीति अब दबाव–प्रबंधन तक सिमट कर रह गई है?

अगर एक उभरती महाशक्ति खुले दबाव में भी अपनी असहमति दर्ज नहीं करा सकती, तो उसकी शक्ति केवल आंकड़ों तक सीमित रह जाती है।

रूस से तेल खरीद भारत की मजबूरी है, इसमें कोई संदेह नहीं लेकिन अमेरिका द्वारा इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना यह दिखाता है कि भारत की आर्थिक आवश्यकताओं को भी अब भू–राजनीतिक अनुशासन में बांधने की कोशिश हो रही है और भारत चुप इसलिए है क्योंकि उसे ऊर्जा चाहिए, उसे महंगाई काबू में रखनी है और यदि इन कारणों से प्रधानमंत्री या सरकार चुप हैं तो इस चुप्पी का स्वागत होना चाहिए।

अब बात करते हैं बांग्लादेश में हिंदू विरोध और उनकी हत्याओं पर । सबसे गंभीर प्रश्न यहीं खड़ा होता है। भारत वह देश है जो वैश्विक मंचों पर लोकतंत्र और मानवाधिकार की बात करता है। लेकिन जब उसके ठीक पड़ोस में धार्मिक आधार पर हत्याएँ होती हैं, तब भारत की प्रतिक्रिया अत्यंत सीमित रह जाती है।

सरकार का तर्क है कि खुला बयान हालात बिगाड़ सकता है। यह तर्क व्यावहारिक हो सकता है, लेकिन यह यह भी दर्शाता है कि भारत अब नैतिक मुद्दों पर भी जोखिम लेने को तैयार नहीं है और पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा भारत की प्राथमिकता सूची में नीचे खिसक चुकी है । सच्चाई तो यह है कि यह केवल बांग्लादेश का मामला नहीं, भारत की क्षेत्रीय भूमिका का सवाल भी है।

भारत लंबे समय से संप्रभुता और हस्तक्षेप–विरोध का समर्थक रहा है। लेकिन वेनेजुएला मामले में चुप्पी यह दर्शाती है कि ये सिद्धांत अब भू–राजनीतिक सुविधा के अनुसार लागू होते हैं। यह स्थिति भारत को उस नैतिक ऊँचाई से नीचे लाती है, जिसका वह अक्सर दावा करता है।

**चुप्पी की कीमत :**

आज की चुप्पी अल्पकाल में टकराव टाल सकती है, लेकिन दीर्घकाल में इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। इसी चुप्पी की वजह से भारत को नेतृत्वकारी शक्ति नहीं, संतुलन साधने वाला खिलाड़ी समझा जाएगा। दबाव की राजनीति भारत के खिलाफ एक मानक बन सकती है। वैश्विक दक्षिण में भारत की नैतिक साख कमजोर पड़ सकती है इतिहास बताता है कि जो देश प्रतिक्रिया से बचते हैं, वे अंततः निर्णय प्रक्रिया से बाहर कर दिए जाते हैं।

कहां जा सकता है कि प्रधानमंत्री की चुप्पी कायरता नहीं, बल्कि भारत की सीमाओं का स्वीकार है। लेकिन भारत यदि सचमुच वैश्विक शक्ति बनना चाहता है, तो उसे यह तय करना होगा कि वह केवल आर्थिक गणनाओं से चलेगा।

या राजनीतिक जोखिम भी उठाएगा क्योंकि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में सम्मान केवल ताकत से नहीं, स्पष्ट और समय पर व्यक्त असहमति से भी अर्जित होता है।और जो देश सही समय पर बोलने से डरता है, उसे दुनिया अक्सर सुनने लायक नहीं समझती है। पर इसी सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है जो देश नेता या सरकार बोलकर उड़ता तीर लेते हैं वह अपने लिए अपनी सरकार के लिए और अपने देश के लिए मुसीबतें ही मोड़ लेते हैं और ऐसे नेता या सरकार कभी भी बुद्धिमान नहीं कहीं जा सकते भारत तो अपनी चाणक्य नीति के लिए जाना जाता है इसलिए अब सरकार को यह तय करना होगा कि उसे केवल चुप्पी का सहारा लेकर समस्याओं को टालना नहीं है। साथ ही साथ इस तरह बोलना भी नहीं है की हालात बिगड़ें हमऔर दूसरों की समस्याओं को हम अपने देश में ले आएं।

## विदेश की खबरें

### अमेरिका द्वारा जब्त रूसी टैंकर के चालक दल में तीन भारतीय शामिल

**मॉस्को :** अमेरिका द्वारा जब्त किए गए रूसी तेल टैंकर 'मैरिनेरा' के चालक दल के सदस्यों में तीन भारतीय भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है। इस बीच रूस ने बृहस्पतिवार को इस घटना पर 'गंभीर चिंता' व्यक्त करते हुए अमेरिका से समुद्री नौवहन की स्वतंत्रता से संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानूनों का अनुपालन करने की मांग की। रूस ने इसी के साथ अमेरिका की 'नव–उपनिवेशवादी' प्रवृत्तियों को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया।

### बड़ी संख्या में कैदियों को रिहा करेगा वेनेजुएला

**काराकस (वेनेजुएला) :** वेनेजुएला की नेशनल असेंबली के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की जेलों में बंद स्थानीय और विदेशी नागरिकों को बड़ी संख्या में रिहा किया जाएगा। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्वेज के भाई जॉर्ज रोड्रिग्वेज ने यह नहीं बताया कि वे किसे रिहा करेंगे या कितने लोगों को रिहा किया जाएगा। साल 2024 के उथल–पुथल भरे चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लिए जाने के बावजूद, वेनेजुएला की सरकार का कहना है कि वह राजनीतिक कैदियों को नहीं रखती है।

## वर्ग पहेली नं. 3316

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ | |
| | ■ | 13 | 14 | ■ | ■ | 15 | | | |
| ■ | 16 | | | | 17 | ■ | | ■ | ■ |
| 18 | ■ | 19 | | ■ | 20 | | | | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | 24 | | ■ | ■ | ■ | |
| | ■ | 25 | | | ■ | 26 | | 27 | |
| 28 | | | ■ | 29 | | | ■ | 30 | |

*बायें से दायें:-* 1) पूर्वज, 4) युक्ति, 7) वह स्थान जहाँ पढ़ने के लिए समाचारपत्र, पुस्तकें आदि रहती हैं, 9) उत्पाद, 10) सचेत, 11) तल्लीन, 13) जलीय अंश *(फलों का)*, 15) एक भारतीय शहर, 16) प्रेमी-प्रेमिका, 19) तर्ज़; नाश, 20) देखरेख, 22) बीमार, 23) गूमड़, 25) पुरातन, 26) परंपरानिष्ठ, 28) युवक, 29) आश्चर्य, 30) इज़्ज़त.

*ऊपर से नीचे:-* 1) नेतृत्व, 2) नेहरूजी का नाम, 3) गुमनाम, 4) निर्धारित, 5) मांस के अत्यंत छोटे छोटे टुकड़े, 6) ताक़त, 8) विवाह, 12) हर्षध्वनि, 14) समयसारणी, 17) नवीन, 18) आरंभ, 21) मक्खन, 24) जनसमूह, 25) जीव, 26) सारे; संपूर्ण, 27) तपस्या.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | प | त | प | ■ | म | ल | या | ल | म |
| ■ | ■ | र | द | प | ट | ■ | र | क्ष | क |
| जि | रा | फ़ | ■ | नी | र | स | ■ | ■ | रं |
| ज्ञा | ■ | दा | य | र | ■ | ब | र | बा | द |
| सा | द | र | ■ | ■ | स | ब | ■ | री | ■ |
| ■ | श | ■ | स | बू | त | ■ | वि | क | ल्प |
| ■ | ह | ड़ी | ला | ■ | त | था | पि | ■ | ■ |
| बु | रा | ■ | म | ■ | ■ | म | न | हू | स |
| ख्द | ■ | ■ | त | ड़ | प | ना | ■ | ■ | ही |

## सुडोकू–पहेली–3274

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 2 | 1 | | | 9 |
| | 8 | | | | | 7 | | 4 |
| | | | | | 3 | | | |
| | | 1 | | | 5 | | 9 | |
| | | | | 6 | | | | |
| | 9 | 7 | | | | | | |
| 7 | | | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | | | 2 | 6 |
| | 6 | | | | | | 7 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3273 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 5 | 6 | 1 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 2 | 5 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 8 |

# जांच एजेंसियों के काम में मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप लोकतंत्र और कानून के खिलाफ : शमिक भट्टाचार्य



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) छापेमारी में दखलअंदाजी पर तीखा हमला बोला है। गुरुवार को सॉल्टलेक स्थित भाजपा के राज्य कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर रहते हुए किसी मुख्यमंत्री द्वारा सीधे तौर पर एक सरकारी जांच एजेंसी की आपराधिक जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना पूरी तरह गैरकानूनी, अनैतिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक मिसाल है। शमिक भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से महत्वपूर्ण फाइलें और हार्डडिस्क ले जाने की घटना यह साबित करती है कि तृणमूल कांग्रेस का भ्रष्टाचार से गहरा संबंध है और वह अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कोयला घोटाले और हवाला लेनदेन से जुड़े मामलों में तृणमूल कांग्रेस के कई नेता और पूरी व्यवस्था संलिप्त है। उनके अनुसार, अवैध खनन, सरकारी नौकरियों के बंटवारे से लेकर प्रशासन के हर स्तर पर सत्ता का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दिया गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जांच प्रक्रिया से ध्यान हटाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा देश के गृह मंत्री और रक्षा मंत्री पर अनावश्यक हमले किए, जो अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेश पर चल रही जांच में हस्तक्षेप करना एक ओर जहां न्यायालय की अवमानना है, वहीं दूसरी ओर कर्तव्यरत अधिकारियों पर दबाव डालने और सबूत मिटाने जैसा गंभीर अपराध भी है। उन्होंने अतीत में राजीव कुमार और फिरहाद हकीम से जुड़े मामलों का हवाला देते हुए कहा कि यह घटना उसी श्रृंखला का चरम उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में राज्य में नई सरकार बनने पर एक श्वेतपत्र जारी कर यह बताया जाएगा कि पिछले 14 वर्षों में भ्रष्ट लोगों को बचाने के लिए कितने हजार करोड़ रुपये नामी वकीलों की फीस के रूप में खर्च किए गए। उन्होंने इसे आम और गरीब जनता के कर के धन का आपराधिक दुरुपयोग करार दिया। अंत में, शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि आपराधिक जांच और न्यायिक प्रक्रिया में इस तरह का अनधिकृत हस्तक्षेप किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं है। संवैधानिक पद पर रहते हुए मुख्यमंत्री के इस आचरण से राज्य की गरिमा को ठेस पहुंची है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य की जनता इस सच्चाई को समझेगी और आगामी चुनावों में इसका जवाब देगी।

# ईडी ने ममता के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो जाएगा गलत संदेश : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के काम में कथित तौर पर हस्तक्षेप करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुरुवार को मांग की।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मुझे उन जांच की जानकारी नहीं है जिनके चलते ईडी ने ये छापेमारी की है। लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि ममता बनर्जी ने केंद्रीय जांच एजेंसी के काम में सीधे तौर पर दखल पहली बार नहीं किया है। उन्होंने इससे पहले भी निजाम पैलेस स्थित सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) कार्यालय में और पूर्व कोलकाता मुख्य पुलिस अधिकारी राजीव कुमार के आवास पर सीबीआई की छापेमारी के दौरान ऐसा किया है। उन्होंने इस अवैध और असंवैधानिक प्रथा को एक आदत बना लिया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री अक्सर यह भूल जाती हैं कि वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि राज्य की संवैधानिक प्रमुख भी हैं। शुभेंदु ने कहा कि मुख्यमंत्री के पद से कई संवैधानिक जिम्मेदारियां जुड़ी होती हैं। वह अपने पद का उपयोग केंद्रीय एजेंसियों के काम में बाधा डालने के लिए नहीं कर सकतीं। उनका आचरण अनैतिक और असंवैधानिक था। उन्होंने कहा कि मैं कानून प्रवर्तन एजेंसियों से मुख्यमंत्री के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह करूंगा, अन्यथा इससे एक गलत मिसाल कायम होगी और राज्य की जनता को गलत संदेश जाएगा।

उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि मुख्यमंत्री एक निजी कॉर्पोरेट संस्था के कार्यालय में हुई ईडी की छापेमारी को लेकर इतनी चिंतित क्यों थीं?


## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति

Mob.: 9051471666 E-mail : skvss1939@gmail.com



**गंगासागर के तीर्थ यात्रियों की बहुविध एवं व्यापक सेवा**

चाय, बिस्कुट, नास्ता, हल्वा-चना, दाल-भात सब्जी, खिचड़ी पूड़ी-सब्जी बुंदिया, भुजिया, आवास प्राथमिक चिकित्सा एवं सभी कैम्पों में निःशुल्क पानी वितरण।

**उद्घाटन 9 जनवरी 2026 दोपहर 2.30 बजे**

समारोह अध्यक्ष :
**श्री विवेक जी गुप्ता,** विधायक

उद्घाटनकर्ता :
**श्री गिरधारीलाल गोयनका,** प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति

2000 कम्बल वितरण समारोह 10,11 एवं 12 जनवरी सायं 5:30 बजे से

स्व. हजारीमल दिवान, स्व. विजय दिवान
स्व. अशोक दिवान एवं स्व. पुष्पा देवी दिवान की
स्मृति में उनके परिवार के द्वारा कम्बल वितरण किया जायेगा
एवं
श्री पंकज नेवेटिया, श्री रुढ़मल गोयल, श्री प्रमोद शर्मा
श्री अलोक सुरेका एवं श्री राजेश सोन्थलिया
द्वारा कम्बल वितरण किया जायेगा
श्री रामअवतार चौधरी द्वारा चप्पल वितरण किया जायेगा

विनीत :

अध्यक्ष : विवेक गुप्ता
प्रधान सचिव : बिमल दिवान
उपाध्यक्ष : कमला प्रसाद काजड़िया, शिव रतन गोयनका
उप-सचिव : पवन बंसल, सुभाष सांवलदावाला
प्रेरणास्त्रोत एवं पूर्व मार्गदर्शक : स्व. राज कुमार बोथरा
मेला संयोजक : मनोज चौधरी, दुर्शीचन्द अग्रवाल

मेला उप-समिति :
उमाशंकर जोशी, गिरधारीलाल अग्रवाल, जयप्रकाश गुप्ता
अरुण दिवान, महाबीर नारनोली, संजय अग्रवाल (पोस्ता)
मनीष धानुका, सुभाष चन्द गोयनका, सुनील साँवलदावाला
अभिषेक अग्रवाल, महेश काबरा, आदित्य विक्रम तुलस्यान
कमल विजयवर्गी, बनवारीलाल गुप्ता, सुमित झुनझुनवाला
आनन्द दिवान, सुशील जोशी, मोहित सुरेका, चेतन अग्रवाल
पवन बैध, गोपाल अग्रवाल, शोभन आदक

भोजन गाड़ी : श्री नारायणी नमो नमो • मेडिकल सेवा : सोसाईटी बेनिफिट सर्कल

तारकेश्वर लाईन में सेवा करने वाली सबसे बड़ी संस्था

कोलकाता में जल सेवा करने वाली सबसे बड़ी संस्था


# आई-पैक तृणमूल कांग्रेस की 'आंख और कान', ममता का प्रदर्शन चुनिंदा : अधीर रंजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कॉरपोरेट कंपनी आई-पैक राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की 'आंख और कान' के रूप में काम करती है और राज्य में पार्टी की चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के लिए 'राजनीतिक रूप से अनैतिक और षड्यंत्रकारी' गतिविधियों में संलिप्त है। चौधरी ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एजेंसी द्वारा कंपनी के परिसरों पर की गई छापेमारी के बाद इतनी आक्रमक और बेचैन क्यों हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि कंपनी ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं के लिए धन उगाही के साधन के रूप में काम किया और पार्टी को चुनाव जीतने के लिए 'साजिशपूर्ण' तरीके से तैयार करने में मदद की। चौधरी ने कहा कि आई-पैक तृणमूल की आंख और कान का काम करती है। यह कंपनी खुद चुनाव नहीं लड़ती, लेकिन तृणमूल के आंतरिक कामकाज को नियंत्रित करती है, यह तय करती है कि कौन किस पद पर बैठेगा, कौन नेता बनेगा और यहां तक कि आंतरिक मतदान को भी प्रभावित करती है। ये लोग पूरी प्रक्रिया में सीधे तौर पर शामिल होते हैं। यही आई-पैक की सच्चाई है। चौधरी ने एक अलग बयान में आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हराने के लिए जैन की सलाह पर ही तृणमूल गुजरात से मुस्लिम बहुल जिले मुर्शिदाबाद के लिए एक प्रसिद्ध क्रिकेटर को लाई थी। चौधरी ने दावा किया कि उनकी हार तृणमूल उम्मीदवार की धार्मिक पहचान के कारण हुई। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि आई-पैक की सलाह पर ही 'तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर को मुर्शिदाबाद में दंगे भड़काने, हिंदुओं को आतंकित करने और हिंदू वोटों को भाजपा के पाले में डालने की साजिश रचने के लिए एक मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया गया था'। कांग्रेस नेता ने ममता पर उनका नाम लिये बिना निशाना साधते हुए कहा कि मैं दीदी से पूछना चाहता हूं कि आप ईडी की कार्रवाई से इतनी परेशान क्यों हैं? इस एजेंसी ने कांग्रेस सहित देश के कई दलों पर हमले किए हैं। इसने राहुल गांधी और सोनिया गांधी का अपमान किया है। तब आपको कोई फर्क नहीं पड़ा। आप चुनिंदा प्रतिक्रिया देती हैं। उन्होंने कहा कि जब सीबीआई सारदा चिट फंड मामले में आपके राज्य के एक शीर्ष पुलिस अधिकारी राजीव कुमार से पूछताछ करने गई थी, तब आपने एस्प्लेनेड में रात भर धरना दिया था। लेकिन जब राज्य में महिलाओं पर हमले होते हैं, जैसे कि कर मेडिकल कॉलेज में या कस्बा के लॉ कॉलेज में होता है... तब आप उनके खिलाफ आवाज नहीं उठातीं। चौधरी ने दावा किया कि ममता का 'चुनिंदा आक्रोश' उनकी पार्टी के निहित स्वार्थों की रक्षा के उद्देश्य से है, जिन्हें उक्त कंपनी 'देखती' है। चौधरी ने कहा कि तो क्या ईडी के खिलाफ यह प्रतिक्रिया एजेंसी की गलत कार्रवाइयों के खिलाफ निर्देशित थी, या उन लोगों को बचाने के लिए थी जिन्होंने विभिन्न कृत्यों के माध्यम से चुनावों में आपकी मदद की? क्योंकि, आई-पैक चुनाव जीतने के लिए हर हद तक गिर सकती है। यह उन बूथों की पहचान करने के लिए जोड़तोड़ करती है जिन पर कब्जा करना जरूरी है और कांग्रेस को उसके मजबूत गढ़ में हराने के लिए साजिश वाली सलाह देती है।

# अन्य राज्यों की तुलना में पिछड़ता जा रहा है बंगाल : जेपी नड्डा



❑ **कोलकाता में ममता सरकार पर बरसे भाजपा अध्यक्ष**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता पहुंचे। यहां उन्होंने दिन भर पार्टी के पदाधाकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। कोलकाता में उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर जमकर हमला बोला। जेपी नड्डा ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार के भ्रष्टाचार, हिंसा, कुशासन और तुष्टिकरण की वजह से बंगाल बर्बाद हो गया। उन्होंने कहा कि बंगाल अन्य राज्यों की तुलना में पिछड़ता जा रहा है। ममता बनर्जी के शासन में घुसपैठियों के लिए पश्चिम बंगाल एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बंगाल की जनता ने बहुत दुख झेला है। अब वह इनके धोखे में नहीं आयेगा। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर भाजपा कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में 'कमल' खिलाने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम कर रहा है।


**NAME CHANGE**

I, Jyoti Shaw, W/o.- Mukesh Shaw, D/o.- Vinod Prasad Gupta, R/o.- 85, Pathuria Ghat Street, P.O.- Beadon Street, P.S.- Jorabagan, W.No. 21, Kol-700006, WB, declare that my Father's name has been wrongly recorded in 2003 Voter List & No. BR/29/158/162086 as Vinod Kumar Sah, vide Affidavit No. 494, dtd. 07.01.2026, before the Ld. 1st Class Judicial Magistrate Calcutta, Vinod Prasad Gupta & Vinod Kumar Sah both are same and one identical person.

**Name Change**

I, Vineet Sareen, son of Rajiv Kumar Sareen, residing at 34/35/2/1, Sri Arabinda Road, Sita Ram Super Market Block E Flat No. 5A, Haora Corporation, P.O Salkia, P.S Golabari, District Howrah West Bengal Pin-code 711 106, declare that my father's name Rajiv Sareen and my mother's name Smita has been wrongly and inadvertently recorded in my Passport vide no.- Z3734948, instead of Rajiv Kumar Sareen and Smita Sareen. That the Rajiv Kumar Sareen and Rajiv Sareen is the same and one identical person and Smita Sareen and Smita is the same and one identical person vide Affidavit dated 07.01.2026, before the Court of Ld. 1st Class Judicial Magistrate at Howrah

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender are hereby invited from the bonafied and resourceful bidders vide **NIT No- 352/APAS/Jangipara/25-26** for 25 nos. works, **353/BEUP/Jangipara/25-26** for 04 nos. works, **Date- 06.01.2026 & 354/Pathashree/2025-26/Jang** for 03 nos. works, **Date- 07.01.2026** by the undersigned through Online mode (**https:// tenders.wb.gov.in** & **www.wbtenders.gov.in** ). Last date of submission of online bid on **14 Jan 2025 15:00 Hrs. (NIT-352), 20 Jan 2025 15:00 Hrs. (NIT-353), 22 Jan 2025 15:00 Hrs. (NIT-354).** Sd/-
**Block Development Officer**
**Jangipara Development Block**

**विद्युत टीआरडी कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. EL_TRD_57_25-26**; निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. EL_TRD_57_25-26; कार्य का नाम:** ''शेड्यूल-ए: कटिहार मंडल के कांकी (केकेए) स्टेशन पर रैम्प सहित 6 मीटर चौड़ा एफओबी का प्रावधान और अन्य सहायक कार्य। शेड्यूल-बी: कटिहार मंडल के सुधानी (एसयूडी) स्टेशन पर रैम्प सहित 6 मीटर चौड़ा एफओबी का प्रावधान और अन्य सहायक कार्य। शेड्यूल-सी: कटिहार मंडल के तेलता (टीईटीए) स्टेशन पर रैम्प सहित 6 मीटर चौड़ा एफओबी का प्रावधान और अन्य सहायक से संबंधित विद्युत टीआरडी कार्य। निविदा मूल्य: ₹94,47,725.10; धरोहर राशि: ₹1,89,000.00। **ई-निविदाएं** 27-01-2026 को 15.00 बजे **बंद होंगी** और 27-01-2026 को 15.30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना 27-01-2026 को 15.00 बजे तक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगी।
**सीनि. डीईई/जी एंड सीएचजी./कटिहार**
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ)/खड़गपुर-721301, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा दोपहर 12.00 बजे खोली जाएगी। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य, ईएमडी: (1) एसटी-ओटी-सीसीटीवी-एलसी गेट-केजीपी, दिनांक 07.01.2026;** (i) खड़गपुर मंडल में 10,000 के कम टीवीयू वाले 103 मानवयुक्त नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के प्रावधान, (ii) खड़गपुर मंडल के तहत 08 अदद विशेष श्रेणी मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट में अत्यंत पुरानी सीसीटीवी प्रणाली के प्रतिस्थापन के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार हिस्से का कार्य; रु. 3,50,04,657.93; रु. 3,25,000/-। **(2) एसटी-ओटी-यार्ड-सीसीटीवी-केजीपी-पीएच-I, दिनांक 07.01.2026;** खड़गपुर मंडल में 9 स्टेशनों के तहत चरण-I में यार्ड सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना; रु. 2,35,98,949.63; रु. 2,68,000/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** क्रमांक 1 के लिए 18 महीने तथा क्रमांक 2 के लिए 15 महीने। **जमा करने की तारीख:** दोनों के लिए 02.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक। **खुलने की तारीख:** दोनों के लिए 02.02.2026; निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण, ब्यौरा एवं विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(PR-1044)**


# अन्य राजनीतिक दलों ने भाजपा के साथ डील कर ली है : अभिषेक बनर्जी



**मालदह :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को मालदह से बड़ा राजनीतिक बयान देते हुए आरोप लगाया कि अन्य राजनीतिक दलों ने भाजपा के साथ 'डील' कर ली है। साथ ही, उन्होंने परोक्ष रूप से निलंबित तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर के 'बाबरी मस्जिद' निर्माण प्रकरण पर भी तीखा हमला बोला और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। इस दिन, पुरातन मालदह थाना क्षेत्र के मंगलबाड़ी ग्राम पंचायत अंतर्गत जालांगी में आयोजित सभा में अभिषेक बनर्जी ने कहा कि राज्य के प्रवासी श्रमिकों को अब काम के लिए दूसरे राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य में ही रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। सभा में प्रवासी श्रमिकों की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला बोला। तृणमूल नेता का आरोप है कि दूसरे राज्यों में बंगाली भाषा बोलने के कारण प्रवासी श्रमिकों को 'बांग्लादेशी' बताकर प्रताड़ित किया जा रहा है। अभिषेक ने कहा कि यदि किसी प्रवासी श्रमिक को इस तरह निशाना बनाया गया तो कानूनी मदद दी जाएगी। मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' निर्माण की घोषणा के बाद उन्हें तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी से निलंबित कर दिया था। इस मुद्दे पर नाम लिए बिना अभिषेक ने कहा कि जो नेता पहले भाजपा के उम्मीदवार थे, वही आज धर्म के नाम पर लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। धर्म के नाम पर राजनीति कर कुछ लोग बीच से पैसा कमाना चाहते हैं। गरीबों की मदद कीजिए, यही कुरान की सीख है।

## आई-पैक कार्यालय पर ईडी की छापेमारी मामले में अभिषेक बनर्जी का टिप्पणी से इनकार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आई-पैक कार्यालय और प्रतीक जैन के आवास पर की गई छापेमारी के मामले पर टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को मालदह जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सूत्रों के अनुसार, अभिषेक बनर्जी ने इस घटनाक्रम पर टिप्पणी न करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि छापेमारी कोयला तस्करी के एक मामले के सिलसिले में की गई थी, जिसमें तृणमूल कांग्रेस सांसद से केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले भी कई बार पूछताछ की थी। तृणमूल कांग्रेस के एक सूत्र ने बताया कि मामला विचाराधीन है। इसलिए, इस मामले पर बोलना या न बोलना पूरी तरह से अभिषेक बनर्जी का विशेषाधिकार है।

## 'एक डाके अभिषेक' हेल्पलाइन का विस्तार

अभिषेक बनर्जी ने मालदह के प्रवासी श्रमिकों के लिए 'एक डाके अभिषेक' हेल्पलाइन शुरू करने की घोषणा की।उन्होंने कहा कि मालदह भी मेरे बड़े परिवार का हिस्सा है। किसी भी प्रवासी श्रमिक को अगर बांग्लादेशी कहकर परेशान किया गया, तो तृणमूल कानूनी सहायता देगी। अभिषेक ने भाजपा पर धर्म के नाम पर विभाजन की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि रात 1 बजे बीमार पड़ने पर एंबुलेंस चालक से कोई धर्म नहीं पूछता। किसान, मछली बेचने वाला, फूल विक्रेता क्या उनसे धर्म पूछा जाता है? भाजपा समाज को बांटती है, तृणमूल सांप्रदायिक सौहार्द की प्रतीक है।


## गंगासागर मेला के दौरान ट्रेनों की आवाजाही के लिए विशेष व्यवस्था



गंगासागर मेला के दौरान तीर्थयात्रियों की संभावित भारी भीड़ से निपटने के लिए, सियालदह (दक्षिण)/कोलकाता-नामखाना अनुभाग में बालीगंज एवं लक्ष्मीकांतपुर होकर नीचे उल्लेखित गैलपिंग ईएमयू स्पेशल ट्रेनें **दिनांक 10.01.2026 (शनिवार), 11.01.2026 (रविवार), 12.01.2026 (सोमवार), 13.01.2026 (मंगलवार), 14.01.2026 (बुधवार), 15.01.2026 (गुरुवार) एवं 16.01.2026 (शुक्रवार)** को निम्नानुसार चलाई जाएंगी:

| स्टेशन | 01 सियालदह-नामखाना डाउन ईएमयू स्पेशल | 02 नामखाना-सियालदह अप ईएमयू स्पेशल | 03 कोलकाता-नामखाना डाउन गैलपिंग ईएमयू स्पेशल माझेरहाट-बालीगंज-लक्ष्मीकांतपुर होकर | 04 नामखाना-सियालदह अप गैलपिंग ईएमयू स्पेशल | 05 34424 डाउन सियालदह-सोनारपुर लोकल की यात्रा का काकद्वीप तक विस्तार | 06 काकद्वीप-सियालदह गैलपिंग अप ईएमयू स्पेशल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | - | - | ↓ 07.35 | - | - | - |
| | | | कोलकाता से माझेरहाट तक सभी स्टेशनों पर ठहरेगी | | | |
| माझेरहाट | - | - | 08.20-08.30 | - | - | - |
| सियालदह (दक्षिण) | ↓ 06.15 | 11.35 | - | 13.48 | ↓ 10.45 | 16.44 |
| बालीगंज | 06.24-25 | 11.21-22 | 08.56-09.04 | 13.30-13.31 | 10.54-55 | 16.29-30 |
| सोनारपुर | 06.40-41 | 11.03-04 | 09.20-21 | 13.11-12 | 11.16-18 | 16.10-11 |
| बारुईपुर | 06.52-53 | 10.52-53 | 09.31-32 | 13.00-01 | 11.29-30 | 15.49-50 |
| लक्ष्मीकांतपुर | 07.45-46 | 10.02-03 | 10.10-12 | 12.12.-14 | 12.20-33 | 14.53-54 |
| निश्चिंदपुर | 08.07-08 | 09.36-40 | 10.34-35 | 11.46-48 | 12.54-58 | 14.30-31 |
| काकद्वीप | 08.18-28 | 09.24-26 | 10.45-49 | 11.32-36 | 13.15 | ↑ 14.16 |
| नामखाना | 08.45 | ↑ 09.10 | 11.08 | ↑ 11.18 | - | - |

| स्टेशन | 07 सियालदह-नामखाना डाउन ईएमयू स्पेशल | 08 नामखाना-सियालदह अप ईएमयू स्पेशल | 09 कोलकाता-नामखाना डाउन ईएमयू स्पेशल | 10 नामखाना-सियालदह अप ईएमयू स्पेशल | 11 सियालदह-नामखाना डाउन ईएमयू स्पेशल | 12 नामखाना-सियालदह अप ईएमयू स्पेशल | 13 34923/30711 अप नामखाना-लक्ष्मीकांतपुर-माझेरहाट लोकल परिवर्तित मार्ग सियालदह (दक्षिण) तक चलेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | - | - | ↓ 21.30 | - | - | - | - |
| | | | कोलकाता से माझेरहाट तक सभी स्टेशनों पर ठहरेगी | | | | |
| माझेरहाट | - | - | 22.13-15 | - | - | - | - |
| सियालदह (दक्षिण) | ↓ 14.40 | 21.04 | - | 05.25 | ↓ 00.01 | 03.45 | 16.15 |
| बालीगंज | 14.51-52 | 20.51-52 | 22.42-23.00 | 05.10-11 | 00.11-12 | 03.31-32 | 16.02-03 |
| सोनारपुर | 15.09-10 | 20.28-29 | 23.18-20 | 04.53-54 | 00.22-23 | 03.15-16 | 15.38-39 |
| बारुईपुर | 15.21-23 | 20.16-17 | 23.31-33 | 04.42-43 | 00.34-35 | 03.04-05 | 15.26-27 |
| लक्ष्मीकांतपुर | 16.15-35 | 19.24-25 | 00.10-12 | 03.42-45 | 01.11-12 | 02.24-25 | 14.30-34 |
| निश्चिंदपुर | 16.58-17.06 | 18.56-58 | 00.35-36 | 03.18-20 | 01.33-34 | 01.57-58 | 14.00-14:01 |
| काकद्वीप | 17.15-16 | 18.46-47 | 00.46-48 | 03.06-09 | 01.45-46 | 01.40-47 | 13.46-47 |
| नामखाना | 17.34 | ↑ 18.35 | 01.05 | ↑ 02.52 | 02.05 | ↑ 01.25 | ↑ 13.35 |

| स्टेशन | 14 सियालदह-नामखाना डाउन ईएमयू स्पेशल | 15 नामखाना-सियालदह अप ईएमयू स्पेशल | 16 सियालदह-नामखाना डाउन ईएमयू स्पेशल | 17 नामखाना-सियलादह अप ईएमयू स्पेशल | 18 34933 अप नामखाना-लक्ष्मीकांतपुर लोकल सियालदह (दक्षिण) विस्तारित यात्रा करेगी |
|---|---|---|---|---|---|
| सियालदह (दक्षिण) | ↓ 01.23 | 03.13 | ↓ 02.55 | 02.20 | 00.34 |
| बालीगंज | 01.31-32 | 03.00-01 | 03.04-05 | 02.04-05 | 00.19-20 |
| सोनारपुर | 01.47-48 | 02.48-49 | 03.20-21 | 01.54-55 | 23.59-00.00 |
| बारुईपुर | 01.57-58 | 02.38-39 | 03.30-31 | 01.45-46 | 23.48-49 |
| लक्ष्मीकांतपुर | 02.33-34 | 02.02-03 | 04 .05-07 | 01.09-10 | 23.07-08 |
| निश्चिंदपुर | 02.45-46 | 01.28-36 | 04.28-35 | 00.29-36 | 22.32-22.36 |
| काकद्वीप | 03.08-10 | 01.17-18 | 04.47-48 | 00.18-19 | ठहरेगी/22.21 |
| नामखाना | 03.25 | ↑ 01.06 | 05.03 | ↑ 00.07 | ↑ 22.10 |

**टिप्पणी:** (1) **दिनांक 11.01.2026 (रविवार)** को और पांच स्पेशल ईएमयू ट्रेनें नीचे उल्लेखित ट्रेनों के मार्गों पर चलेंगी: (क) 34602 सियालदह-बारुईपुर मातृभूमि लोकल, (ख) 34334 बारुईपुर-लक्ष्मीकांतपुर लोकल, (ग) 34749 लक्ष्मीकांतपुर-सियालदह लोकल, (घ) 34934 लक्ष्मीकांतपुर-नामखाना लोकल, (ङ) 34933 नामखाना-लक्ष्मीकांतपुर लोकल। (2) **दिनांक 14.01.2026 (बुधवार) को,** कोलकाता-नामखाना ईएमयू स्पेशल, कोलकाता से रवाना होने की निर्धारित समय 07.35 बजे, **सियालदह से 08.45 बजे यात्रा आरम्भ करेगी**। (3) 34923/30711 अप नामखाना-लक्ष्मीकांतपुर-बालीगंज-माझेरहाट लोकल दिनांक 10.01.2026 से 16.01.2026 तक माझेरहाट के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सियालदह (दक्षिण) तक चलेगी एवं सियालदह (दक्षिण) 16.15 बजे पहुंचेगी। (4) दिनांक 10.01.2026 से 16.01.2026 तक एक ईएमयू स्पेशल ट्रेन सियालदह (दक्षिण) से 16.05 बजे माझेरहाट के लिए रवाना होगी तथा यही रेक बालीगंज से 30711 के रूप में चलेगी। (5) सभी गैलपिंग ईएमयू स्पेशल ट्रेनें चक्र रेल को छोड़कर सिर्फ अनुसूची में उल्लेखित स्टेशनों में ठहरेगी। कोलकाता से यात्रा आरम्भ करने वाली मेला स्पेशल कोलकाता तथा माझेरहाट के बीच सभी स्टेशनों पर ठहरेगी। (6) राज्य प्रशासन के अनुरोध के अनुरूप, दिनांक 10.01.2026 से 16.01.2026 तक कोई ट्रेन काशीनगर हॉल्ट पर नहीं ठहरेगी। (7) 34424 डाउन तथा 34933 अप समय-सारणी के अनुसार भी ठहराव प्रदान करेगी। (8) सियालदह (दक्षिण) से नामखाना एवं काकद्वीप जाने वाली सभी ट्रेनों को प्लेटफॉर्म सं. 15 एवं 16 से रवाना किया जाएगा। नामखाना से आने वाली सभी ट्रेनें को भी जहां तक संभव हो प्लेटफॉर्म सं. 15 एवं 16 पर ठहराया जाएगा। (9) काकद्वीप स्टेशन में: • दिनांक 10.01.2026 को 00.01 बजे से 13.01.2026 को 23.59 बजे तक : • डाउन ट्रेनें (सियालदह-नामखाना) - प्लेटफॉर्म सं. 02, • अप ट्रेनें (नामखाना-सियालदह) - प्लेटफॉर्म सं. 01, • दिनांक 14.01.2026 को 00.00 बजे से 16.01.2026 को 23.59 बजे तक : • अप ट्रेनें (नामखाना-सियालदह) -प्लेटफॉर्म सं. 02, • डाउन ट्रेनें (सियालदह-नामखाना) - प्लेटफॉर्म सं. 01.

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एसआईआर : निर्वाचन आयोग प्रवासी मजदूरों को ऑनलाइन सुनवाई की देगा सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने कहा है कि देश के अन्य हिस्सों में काम कर रहे पश्चिम बंगाल के निवासियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत नाम दर्ज कराने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी और वे जल्द ही शुरू किए जाने वाले पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दस्तावेज जमा कर सकेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि यदि वे स्वयं सुनवाई में उपस्थित नहीं हो सकते हैं, तो परिवार का कोई सदस्य उनकी ओर से इसमें शामिल हो सकता है। आयोग द्वारा ऑनलाइन जमा किए




गए दस्तावेज स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य के बाहर रहने वाले प्रवासी श्रमिकों, छात्रों और पेशेवरों के समक्ष आ रही चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से लिया गया है, जिन्हें पहले सुनवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना आवश्यक था।

## विदेश में रह रहे लोगों को सुनवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट

**राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि विदेश में अस्थायी रूप से रह रहे मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत सुनवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट दी जाएगी। एक बयान में कहा गया कि पढ़ाई, आधिकारिक कार्य, चिकित्सा उपचार या किसी अन्य वैध कारण से विदेश में रह रहे ऐसे मतदाताओं को एसआईआर की सुनवाई प्रक्रिया के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट दी जाएगी। अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने यह एक सुगम दृष्टिकोण अपनाया है कि सुनवाई प्रक्रिया के दौरान विदेश में अस्थायी रूप से रह रहे पात्र मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। बयान में स्पष्ट किया गया कि ऐसे मतदाता अपने परिवार के किसी भी सदस्य को अपनी ओर से उपस्थित होने के लिए अधिकृत कर सकते हैं। अधिकृत प्रतिनिधि को मतदाता के साथ संबंध का वैध प्रमाण प्रस्तुत करना होगा और आयोग द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे।**

## बार काउंसिल मामले में तीखी बहस, अगली सुनवाई 28 जनवरी को

**कोलकाता :** बार काउंसिल चुनाव से जुड़े मामले में गुरुवार को अदालत में तीखी बहस देखने को मिली। सुनवाई के दौरान बार काउंसिल की ओर से सबसे पहले मामले की स्वीकार्यता पर ही सवाल उठाया गया। बार काउंसिल के अधिवक्ता सुरहित सुर ने दलील दी कि यह याचिका विचार योग्य नहीं है। उन्होंने अदालत को बताया कि पहले ही एक समिति का गठन किया जा चुका है और बहुत जल्द चुनाव से संबंधित अधिसूचना जारी की जाएगी। ऐसे में अदालत द्वारा इस मामले को स्वीकार करना उचित नहीं होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अधिवक्ता कल्याण निधि के बहिष्कार को लेकर इसी तरह की एक याचिका पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में दाखिल है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची चटर्जी ने बार काउंसिल पर कड़े आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के नियंत्रण और कल्याण के उद्देश्य से गठित बार काउंसिल पिछले कई वर्षों से पश्चिम बंगाल में अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न माध्यमों से भारी मात्रा में धन की हेराफेरी हुई है और वर्तमान बार काउंसिल में गंभीर कुप्रबंधन व्याप्त है।

सब्यसाची चटर्जी ने यह भी कहा कि राज्य की अदालतों में कुल कितने अधिवक्ता कार्यरत हैं, इसका सही आंकड़ा भी बार काउंसिल प्रस्तुत नहीं कर पाई है। यहां तक कि आगामी चुनाव में कितने अधिवक्ता मतदान करेंगे, इस पर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। अभी तक मतदाता सूची भी प्रकाशित नहीं की गई है।

इस पर न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने सवाल किया कि जब मतदाता सूची ही जारी नहीं हुई है, तो बार काउंसिल अपने दावों को किस आधार पर स्थापित कर रही है। इसके जवाब में सुरहित सुर ने दो-हराया कि सभी औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी और कुछ ही दिनों में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने कहा कि बार काउंसिल के अगले कदमों को देखते हुए अदालत मामले के अन्य पहलुओं पर विचार करेगी। इस मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी को निर्धारित की गई है।

## एशियन पेंट्स और स्टार्ट इंडिया ने 'कलर कॉरिडोर' का किया शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** एशियन पेंट्स और स्टार्ट इंडिया ने स्टार्ट कोलकाता फेस्टिवल 2025-26 के तहत बालीगंज में 'कलर कॉरिडोर' का उद्घाटन किया। यह अनोखा वॉक-थ्रू आर्ट टनल लगभग 8,200 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला एक जीवंत और इमर्सिव म्यूरल है, जो आम लोगों को रंगों को केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि पड़ोस की एक जीवित और सांस लेती मौजूदगी के रूप में अनुभव करने का अवसर देता है। एशियन पेंट्स के सहयोग से आयोजित पहले स्टार्ट कोलकाता महोत्सव के तहत दक्षिण कोलकाता में सार्वजनिक कला प्रदर्शनों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। इस पहल का प्रमुख आकर्षण 'क्रोमाकोस्म' से प्रेरित कलर कॉरिडोर है, जिसमें एशियन पेंट्स के 5,300 से अधिक रंगों का समृद्ध संग्रह प्रदर्शित किया गया है।

## अस्पताल के बागान में महिला का अर्धनग्न शव बरामद, शव के पास मिला घायल बच्चा

**मुर्शिदाबाद :** जिले के शमशेरगंज में तारापुर अस्पताल के पीछे स्थित एक बागान में गुरुवार की सुबह एक महिला का अर्धनग्न और रक्तरंजित शव पड़ा मिला, जबकि उसके पास ही उसका तीन वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल अवस्था में रोता मिला। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृत महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त थे और शरीर पर कई चोटों के निशान थे। शव के ठीक पास तीन साल का बच्चा घायल हालत में पड़ा था, जो लगातार रो रहा था। यह देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर शमशेरगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जंगीपुर महकमा अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, घायल बच्चे को इलाज के लिए अनूपनगर ब्लॉक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह स्थानीय निवासी थी या उसे बाहर से यहां लाया गया था। प्रारंभिक तौर पर दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले मौत के कारणों को लेकर पुलिस ने कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना के बाद इलाके में भारी सनसनी फैल गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और मृतका की पहचान के प्रयास जारी हैं। आसपास के थानों को भी महिला की तस्वीरें भेजी गई हैं, ताकि उसकी पहचान की जा सके।

## जेआईएस स्पिरिट 2026 का उद्घाटन, सांस्कृतिक मंच पर छात्रों की प्रतिभा और उत्साह का संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेआईएस ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-संस्थागत सांस्कृतिक महोत्सव 'जेआईएस स्पिरिट 2026' का भव्य शुभारंभ मंगलवार को कोलकाता में हुआ। इस उत्सव में जेआईएस ग्रुप के विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह, रचनात्मकता और सामूहिक भावना के साथ भाग लिया। 'जोश-जुनून-जीत' की मूल भावना पर आधारित जेआईएस स्पिरिट 2026 को युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। महोत्सव के दौरान संगीत, नृत्य, नाटक, फैशन, साहित्य और दृश्य कला जैसी विविध विधाओं में छात्रों की सशक्त प्रस्तुतियां देखने को मिल रही हैं। यह आयोजन आपसी सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देता है।




उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध अभिनेता सब्यसाची चक्रवर्ती, जेआईएस ग्रुप के एमडी सरदार तरनजीत सिंह, डायरेक्टर सरदार सिमरप्रीत सिंह, जेआईएस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) भास्कर गुप्ता, जेआईएस सम्मान के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) अभिजीत सेनगुप्ता, जेआईएस स्पिरिट के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) स्वरूप कुमार मित्रा, नरुला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) सुभ्राम दास सहित अन्य संस्थानों के प्राचार्य एवं निदेशक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेआईएस ग्रुप के डायरेक्टर सरदार सिमरप्रीत सिंह ने कहा कि जेआईएस स्पिरिट छात्रों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। आयोजन को छात्रों और शिक्षकों से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिल रही है।

## हरियाणा नागरिक संघ का गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर

**कोलकाता :** हरियाणा नागरिक संघ का गंगासागर तीर्थयात्री सेवा शिविर आउटराम घाट, शिविर नम्बर 36 में 9 से 16 जनवरी तक आयोजित है। संस्था के चेयरमैन सुरेश गुप्ता, सचिव गोरधन निगानियां ने बताया सेवा शिविर में तीर्थयात्रियों की सेवा के लिये चाय - दूध, नाश्ता हलवा - पुड़ी, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा, कच्ची रसोई, मोबाइल चार्जिंग,कम्बल वितरण आदि सुविधा प्रदान की जाएगी। उद्घाटनकर्ता समाजसेवी बृजमोहन बेरीवाल, समारोह अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता, प्रमुख अतिथि पवन अग्रवाल, डॉ. सांवर धनानिया, महेश अग्रवाल, प्रमोद धनानिया एवम् हरियाणा समाज के सहयोग से सेवा शिविर आयोजित है। तीर्थयात्रियों की सेवा मानव सेवा है। संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल धनानिया, उपाध्यक्ष शंकरलाल कारीवाल, सुभाष जैन, शिविर संयोजक द्वारिका प्रसाद अग्रवाला, कमलेश कुमार हेतमपुरिया, मोहन गोयल, नवीन कानोड़िया, विजय खोरड़ीया, विकाश गोयल, राजेश गोयल एवं कार्यकर्त्ता सक्रिय हैं।

## गंगासागर मेला : श्री राणीसतीजी प्रचार समिति का सेवा शिविर 11 से

**कोलकाता :** श्री राणीसतीजी प्रचार समिति का 6 दिवसीय 46वां सेवा शिविर तीर्थयात्रियों की सेवार्थ 11 जनवरी से शुरू होगा। गंगासागर मेला रोड नंबर तीन पर 16 जनवरी तक तीर्थयात्रियों नि:शुल्क आवास, भोजन, जलपान और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। प्रचार समिति के सचिव दीपक जालान ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर को सफल बनाने में संस्था के कई सदस्य सक्रियता से जुटे हैं।

## हावड़ा डिवीजन ने मजबूत किया ग्रीन रेलवे अभियान

### नौ एनजीटी रेलवे स्टेशनों को आईएसओ मान्यता

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा रेल डिवीजन ने पर्यावरण संरक्षण और यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। डिवीजन के अंतर्गत नौ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) रेलवे स्टेशनों को आईएसओ 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन क्वालिटी रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (क्यूआरओ) द्वारा किए गए स्वतंत्र मूल्यांकन के बाद प्रदान किया गया। आईएसओ प्रमाणन पाने वाले स्टेशनों में हावड़ा, रिसड़ा, श्रीरामपुर, शेवड़ाफुली, बंडेल, वर्दवान, बोलपुर (शांतिनिकेतन), रामपुरहाट और कोन्नगर शामिल हैं। इन स्टेशनों को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण मानकों के अनुरूप पाया गया है, जो हावड़ा डिवीजन की संरचित और व्यवस्थित पर्यावरण प्रबंधन व्यवस्था को दर्शाता है। इस उपलब्धि के तहत डिवीजन ने वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, स्वच्छता अभियानों, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और स्टेशन परिसरों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया है। यह पहल न केवल यात्रियों को बेहतर और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगी, बल्कि पर्यावरणीय प्रभाव को कम कर एक हरित और टिकाऊ रेलवे प्रणाली के निर्माण में भी सहायक होगी।

## एसआईआर : बारासात में सुनवाई के दौरान व्यक्ति की तबीयत बिगड़ी, हुई मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एसआईआर सुनवाई के लिए लाइन में खड़े एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान रमजान अली (38) के तौर पर हुई है। रमजान मध्यमग्राम विधानसभा क्षेत्र के रांडा चंडीगढ़ पंचायत का निवासी है। पता चला है कि गुरुवार की सुबह से बारासात ब्लॉक नंबर 2 के बीडीओ ऑफिस में एसआईआर की सुनवाई चल रही थी। रमजान अली को कई दस्तावेज से जुड़े मामलों की वजह से सुनवाई के लिए बुलाया गया था। रमजान लाइन में खड़े रहने के दौरान अचानक बीमार पड़ गया। शुरू में उसके चेहरे और आंखों पर पानी डाला गया। वह थोड़ा ठीक हुआ और लाइन में खड़ा रहा। कुछ देर बाद वह फिर से बीमार पड़ गया। उसे पास के हेल्थ सेंटर ले जाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## नतून बाजार में लिट्टी-चोखा व मिलन उत्सव, पूर्वांचलीय व्यंजनों की खुशबू में उमड़ा जनसैलाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता लेमन मर्चेंट्स एसोसिएशन के तत्व-ावधान में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी नतून बाजार के प्रांगण में पूर्वांचल के प्रसिद्ध व्यंजन लिट्टी-चोखा भोजनोत्सव एवं मिलन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आम और खास सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और पारंपरिक पूर्वांचलीय व्यंजनों का आनंद लिया। व्यंजनों की सौंधी खुशबू ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मेल-जोल को बढ़ावा देने वाला बताया। इस अवसर पर जोड़ासांको के विधायक विवेक गुप्ता, अतिथि पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी, जगमोहन बागला, राधेश्याम अग्रवाल, पार्षद रोबिन चटर्जी, पार्षद रीता चौधरी, पार्षद राजेश सिन्हा, भूतनाथ मंदिर के पुजारी गणेश ठाकुर, गिरीश पार्क थाना प्रभारी हरिक दलपति, पोस्ता थाना प्रभारी जयंत मिद्या, जोड़ाबागान थाना के प्रभारी अर्णव राय चौधरी व सह-प्रभारी कमल सोरेन, सिंथी थाना प्रभारी सुबीर साहा, तिनकोड़ी दत्ता, शिवजी पांडे, कृष्णा प्रताप सिंह, रोहित पाठक, रवि ओझा, प्रतीक तिवारी, विप्र फाउंडेशन के राजकुमार व्यास, सुजीत सिंह, संजय उपाध्याय, चांद रतन लखानी, सुशील चौधरी, विमल सिंह शेखावत, पवन फतेहपुरिया, राजीव जायसवाल, डॉ. एस. के. सोथालिया, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. पी.के. सिंह, सूरज चोखानी, स्वयं प्रकाश पुरोहित, मानव जायसवाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष मनोज सिंह पराशर ने किया। उन्होंने बताया कि आपसी मेल-जोल, भाईचारे और समाज को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से यह आयोजन पिछले 19 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के पदाधिकारियों अशोक भट्टाचार्य, रामाशीष सिंह, जगदीश सिंह, बी.के. सिंह, चित्तरंजन कुमार, स्नेह कुमार, श्रीभगवान प्रसाद, सुजीत वर्मा सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था सुजीत वर्मा, संदीप महतो, रामबालक यादव, रंजू गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रहे। इस आयोजन मे हजारों की संख्या में हर वर्ग के लोगों ने उपस्थित होकर लिट्टी चोखा का लुफ्त उठाया।

## मनोहर दास कटरा में श्री भूमियाजी महाराज का पूजन

**कोलकाता :** मनोहर दास कटरा की छत पर कटरे के अधिष्ठायक देव श्री भूमियाजी महाराज का गुरुवार को वार्षिक पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन पूजन के साथ 1200 से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मनोहरदास कटरा मूंगापट्टी भूमिया भक्त मंडल के अध्यक्ष शांतिलाल रामपुरिया, संयोजक रणजीत सुराणा, मकान मालिक परिवार से विवेक साह, तन्मय देवा के साथ हंसराज सेठिया, गोपाल झुनझुनवाला, जुगल किशोर गुप्ता, श्रीदास लाखोटिया, संजय कपूर, दीपक कपूर, किशन राठी, अतुल भाई व अन्य आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहें।

## 34.9 लाख बिरयानी से 17.2 लाख चिकन फ्राय तक: 2025 में कोलकाता ने दिल से 'स्विगी' किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्विगी की सालाना रिपोर्ट के अनुसार 2025 में कोलकाता की खाने की पसंद ने परंपरा और सुविधा का अनोखा संगम दिखाया। साल भर में शहर में 34.9 लाख बिरयानी ऑर्डर की गईं, जबकि 17.2 लाख ऑर्डर के साथ चिकन फ्राय सबसे ज्यादा मंगाई जाने वाली डिश बनी। डिनर कोलकाता का पसंदीदा मीलटाइम रहा, जिसमें साल-दर-साल 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। स्थानीय मिठाइयों का भी दबदबा रहा। गुड़ संदेश रोजाना औसतन 155 बार और गुड़ रसगुल्ला 126 बार ऑर्डर हुआ। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच हाई-प्रोटीन फूड एक उभरती श्रेणी बनकर सामने आई, जिसके 7.8 लाख ऑर्डर दर्ज किए गए। डाइनिंग आउट के मामले में भी शहर आगे रहा। स्विगी डाइनआउट के जरिए कोलकाता के उपभोक्ताओं ने 2025 में कुल 25.28 करोड़ रुपये की बचत की, जो शहर की समझदार और स्वादप्रिय खाने की संस्कृति को दर्शाता है।

## स्टोमा बैग को हटाने का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया

**कोलकाता :** एक युवक का कई असफल सर्जरी के बाद गंभीर दिक्कतों के साथ सालों तक रहने के बाद, स्टोमा बैग को हटाने का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है। स्टोमा पेट में स्थित एक छोटा सा छिद्र होता है जिसका उपयोग शरीर के अपशिष्ट (मल और मूत्र) को एक संग्रहण बैग में निकालने के लिए किया जाता है। मरीज़ को शुरू में कई साल पहले पेट में तेज़ दर्द हुआ था और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी इमरजेंसी आंत की सर्जरी हुई, जिसमें आंत का कुछ हिस्सा हटाना पड़ा और मल को बाहर निकालने के लिए स्टोमा बनाना पड़ा। बाद में उसे क्रोहन रोग का पता चला और उसे सही मेडिकल इलाज मिला। क्रोहन रोग एक प्रकार का सूजन वाला आंत्र रोग है, जो पाचन तंत्र में सूजन पैदा करता है, जिसके कारण गंभीर दस्त, पेट में दर्द, थकान और वजन कम होता है। इन सालों में, स्टोमा को हटाने और आंत के सामान्य काम को बहाल करने के लिए तीन अलग-अलग सर्जिकल कोशिशें की गईं। दुर्भाग्य से, सभी कोशिशें नाकाम रहीं, जिससे आंत की लंबाई और कम हो गई और मरीज़ को स्थायी स्टोमा के साथ शारीरिक और भावनात्मक रूप से परेशान करने वाला जीवन जीना पड़ा। बार-बार सर्जरी से पेट के अंदर बड़े पैमाने पर निशान और चिपकाव भी हो गए, जिससे उसका पेट बहुत खराब हो गया था। इसके बाद मरीज़ का इलाज डॉ. संजय मंडल ने किया, जिन्होंने पेट में बहुत ज़्यादा चिपकाव और आंत की लंबाई बहुत कम होने का पता लगाया, जिससे आगे की सर्जरी बहुत मुश्किल हो गई थी। सावधानीपूर्वक जांच, विस्तृत योजना और व्यापक तैयारी के बाद, मरीज़ की 4 घंटे की एक जोखिम भरी सर्जिकल प्रक्रिया हुई। जटिलता के बावजूद, सर्जरी सफल रही और मल का सामान्य रास्ता बहाल हो गया। मरीज़ ठीक हो गया, उसे छह दिन अस्पताल में रहना पड़ा, और अब वह ठीक है, जिससे उसके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

## साधना से आती है शक्ति : स्वामी गिरिशानंद

**कोलकाता :** जीवन में भगवान की दिव्य लीला का अनुभव संत और गुरु कृपा से होता है। आजकल कुछ गुरु अपने को भगवान घोषित कर रहे हैं, जो कि गलत है। ठाकुर, ठाकुर हैं और भक्त, भक्त होता है। दोनों में गुण और स्वभाव में बहुत अंतर है। भगवान में सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार करने की क्षमता होती है पर संत-गुरु में नहीं। आपका मन



सच्चा सुख(आनंद)खोजता है। सच्चा आनंद आपके भीतर विराजमान परमात्मा है। परमात्मा और आपका स्वरूप आनंद ही है। आनंद स्वरूप परमात्मा आपके भीतर बैठा है। ऐसा अनुभव करेंगे तो पराधीनता खत्म हो जाएगी। हम भ्रम पाल लेते हैं कि आनंद व्यक्ति, पद, पैसा, स्थान आदि में मिलता है। जैसे कुत्ता सूखी हड्डी को चबाता है, उसके मसूड़े से खून हड्डी में लग जाता है, भगाने पर वह हड्डी को लेकर भाग जाता है। कुत्ता को जो भ्रम है वही भ्रम हमारा भी है। संत-गुरु कृपा से हम भ्रम से निकलकर प्रभु की लीलाओं का अनुभव करते हैं। भक्त प्रह्लाद बचपन से भगवान की लीलाओं का दर्शन-अनुभव करते थे। सामान्य बच्चों की तरह पांच वर्ष के थे तब गुरुकुल में पढ़ने गये। असुरों का भी गुरुकुल था पर वहां आसुरी शिक्षा दी जाती थी। तंत्र-मंत्र की शिक्षा दी जाती थी। जहां शक्ति दिखती है वहां साधना होती है। साधना से शक्ति आती है। असुरों के गुरु शुक्राचार्य के गुरुकुल में प्रह्लाद की शिक्षा हुई। प्रह्लाद के पिता हिरण्यकश्यपु ने एक दिन पूछा, बेटा बताओ अब तक क्या पढ़ा? प्रह्लाद ने कहा, अगर यह भगवान की कृपा से मिला है तो उनका भजन करना चाहिए। ये बातें संगीत कला मंदिर व संगीत कला मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत भक्त प्रह्लालाद चरित्र पर प्रवचन करते हुए परम पूज्य परमहंस स्वामी गिरिशानंद महाराज ने संगीत कला मंदिर सभागार में कही। इस मौके पर अरविन्द नेवर, मंजू नेवर, विनोद माहेश्वरी, जयश्री मोहता, शीला झुनझुनवाला, मुरारीलाल दीवान, बीएसएफ के कमांडेट मनोज राय, शकुंतला दीवान, राम अवतार केडिया, संगीता राय, प्रभात पंसारी, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, महावीर प्रसाद रावत सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## वेलिंगटन के भूटिया मार्केट में लगी भीषण आग



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में फिर आग लगने की घटना घटी है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम वेलिंगटन के भूटिया मार्केट में भीषण आग लग गई। शाम करीब 4:30 बजे आग लगी। बताया जा रहा है कि कई दुकानें जलकर राख हो गईं। सूचना पाकर चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं है। आग कैसे लगी अबतक यह साफ नही हो पाया है। बता दें कि वेलिंगटन का भूटिया मार्केट सर्दियों के कपड़े के लिए जाना जाता है। इस मार्केट में लंबे समय से भूटिया समुदाय के व्यापारियों के साथ-साथ कई लोकल व्यापारी सर्दियों के कपड़ों से लेकर कई तरह के कपड़े बेचते थे। अचानक लगी इस आग के कारण व्यापारियों का काफी नुकसान हो गया है। कई दुकानें जलकर खाक हो गई है।

## गंगासागर मेला 2026 के दौरान पूर्व रेलवे चलाएगा 18 स्पेशल ईएमयू ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेला 2026 के दौरान तीर्थयात्रियों की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पूर्वी रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। रेलवे 10 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक लगातार सात दिनों के लिए प्रतिदिन 18 गैलोपिंग ईएमयू मेला स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। ये ट्रेनें सियालदह साउथ, कोलकाता स्टेशन, नामखाना और काकद्वीप से विभिन्न दिशाओं में संचालित होंगी। इन 18 विशेष ट्रेनों में से 6 ट्रेनें सियालदह साउथ, 2 ट्रेनें कोलकाता स्टेशन, 9 ट्रेनें नामखाना और 1 ट्रेन काकद्वीप से चलेंगी। सियालदह साउथ से ट्रेनें सुबह 6:15, 10:45, रात 12:01, 1:23, 2:55 और 14:40 बजे रवाना होंगी। कोलकाता स्टेशन से 7:35 और 21:30 बजे



विशेष ट्रेनें नामखाना के लिए चलेंगी। वहीं, नामखाना से सियालदह साउथ के लिए दिन और रात के अलग-अलग समय पर नौ विशेष ट्रेनें चलेंगी, जबकि काकद्वीप से एक ट्रेन 14:16 बजे सियालदह साउथ के लिए प्रस्थान करेगी।

वहीं, 11 जनवरी को कुछ लोकल ट्रेनों के पथ में विशेष ईएमयू सेवाएं चलाई जाएंगी। जिसमें, 34602 सियालदह-बारुईपुर, मातृभूमि लोकल, 34334 बारुईपुर-लक्ष्मीकांतपुर लोकल, 34749 लक्ष्मीकांतपुर-सियालदह लोकल, 34934 लक्ष्मीकांतपुर-नामखाना लोकल और 34933 नामखाना-लक्ष्मीकांतपुर लोकल शामिल है। वहीं, 14 जनवरी को सुबह 7:35 बजे कोलकाता से नामखाना जाने वाली विशेष ट्रेन सियालदह से 8:45 बजे रवाना होगी। इसके अलावा, सियालदह साउथ से 16:05 बजे मजरहाट के लिए एक विशेष ईएमयू भी चलाई जाएगी। ये मेला स्पेशल ट्रेनें बालीगंज, सोनारपुर, बारुईपुर, लक्ष्मीकांतपुर, निश्चिंदपुर और काकद्वीप स्टेशनों पर रुकेंगी। जिला प्रशासन के अनुरोध पर 10 से 16 जनवरी के बीच काशी नगर हॉल्ट स्टेशन पर किसी भी ट्रेन का ठहराव नहीं होगा।

## यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति का भव्य उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** यथार्थ गीता प्रचार सेवा समिति का उद्घाटन समारोह गुरुवार को श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वामी आरगरानंद के कृपापात्र श्रद्धा बाबा का विशेष आगमन हुआ, जिन्होंने यथार्थ गीता पर आधारित प्रवचन देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। समारोह का उद्घाटन कृष्ण देव शुक्ला ने किया, जबकि पूजन कार्य देवी प्रसाद पांडे द्वारा संपन्न कराया गया। संस्था के अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी, सचिव निखिलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष विकास सारस्वत, मंच संचालन सुरेंद्र दुबे ने किया। संस्था के सदस्य मनोज तिवारी, राधा कृष्ण तिवारी , रबी तिवारी ,विकाश तिवार ,कुशल कुमार पाण्डेय, आशीष तिवारी, सिकंदर तिवारी, वेद पाठक, डॉक्टर प्रदीप उपाध्याय, विपिन गोस्वामी, अरविंद राय, सुनील यादव, भोला राय, के न पाण्डेय ,विजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## सियालदह के डीआरएम ने गंगासागर मेला 2026 से पहले काकद्वीप और नामखाना स्टेशनों का किया निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना ने गंगासागर मेला 2026 की तैयारियों के लिए गुरुवार को काकद्वीप और नामखाना रेलवे स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य मेले में आने वाले बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के लिए यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने होल्डिंग एरिया, टिकट काउंटर, शौचालय और प्लेटफॉर्म सहित सभी मुख्य यात्री सुविधाओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने होल्डिंग एरिया में भीड़ नियंत्रण और सुचारु आव-ाजाही सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थाओं का आकलन किया। टिकटिंग सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त काउंटर लगाने और एम-यूटीएस प्रणाली के




अधिकतम उपयोग पर भी जोर दिया गया।

स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों को देखते हुए शौचालयों और पानी की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसरों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा उपायों की जांच की गई ताकि रात और शाम के समय यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। डीआरएम राजीव सक्सेना ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी यात्री या तीर्थयात्री को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन को 'सेवा-प्रथम' दृष्टिकोण अपनाते हुए पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और स्पष्ट संकेतक सुनिश्चित करने चाहिए।

# अमर्त्य सेन, जय गोस्वामी, देव को सुनवाई के नोटिस पर ममता नाराज, चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**❑ मुख्यमंत्री ने गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों से किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की**
**❑ ममता ने आउट्राम घाट में गंगासागर सेवा शिविरों का किया उद्घाटन**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार की शाम कोलकाता के बाबूघाट के पास आउट्राम घाट में गंगासागर मेला के लिए लगाए गए वार्षिक सेवा शिविरों व सरकारी सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गंगासागर मेला में आने वाले पुण्यार्थियों से शांतिपूर्वक यात्रा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। इस बार मेले में भारी भीड़ की संभावना है, इसलिए पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग करें, ताकि मेला शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस मौके पर ममता ने राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर फिर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि इसके नाम पर न केवल आम जनता, बल्कि समाज के विशिष्ट और प्रतिष्ठित लोगों को भी परेशान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन, प्रख्यात कवि जय गोस्वामी और टॉलीवुड सुपरस्टार व सांसद देव को एसआईआर के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा सुनवाई के लिए भेजे गए नोटिस का उल्लेख करते हुए इसपर गहरी नाराजगी जाहिर की। ममता ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से सवाल करते हुए कहा कि आखिर नोबेल विजेता अमर्त्य सेन को नोटिस क्यों भेजा गया? मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर्त्य सेन की उम्र 90 वर्ष से अधिक है और उस दौर में कम उम्र में विवाह होना सामान्य बात थी। उन्होंने यह भी कहा कि अमत्र्य सेन के माता-पिता की उम्र में 15 वर्ष से कम का अंतर होना कोई असामान्य बात नहीं है।

**❑ 'केंद्र से 10 वर्षों से अनुरोध करने के बावजूद मेले के लिए नहीं कराई कोई धनराशि उपलब्ध'**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने सागर द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ने के लिए मुरीगंगा नदी पर एक पुल की आधारशिला रखी है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार से 10 वर्षों से अनुरोध करने के बावजूद मेले के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराती है। ममता ने आरोप लगाया कि उन्होंने (केंद्र ने) कुंभ मेले के लिए सब कुछ दे दिया, लेकिन यहां एक पैसा भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वे न केवल हमारी पार्टी (तृणमूल कांग्रेस) पर, बल्कि हमारी सरकार पर भी हमले करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसानियत और इंसाफ के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने दावा किया कि वह सभी धर्मों के सभी लोगों के लिए काम करती हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि धर्म विभाजन में नहीं बल्कि सबको एक साथ लाने में है।

## ईडी की कार्रवाई के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने राज्यभर में किया विरोध प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीतिकार संस्था आई-पैक के कार्यालय और उसके संचालक के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के विरोध में गुरुवार को पूरे राज्य में राजनीतिक तापमान तेज हो गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आह्वान पर राज्यभर में तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए, जगह-जगह विरोध प्रदर्शन और सड़क जाम किए गए। दुर्गापुर के भिरिंगी मोड़ पर तृणमूल कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-19 को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में राज्य के मंत्री प्रदीप मजूमदार भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। ईडी की इस कार्रवाई के विरोध में आसनसोल नगर निगम की मेयर परिषद सदस्य इंद्राणी मिश्रा के नेतृत्व में कुलटी के डूबुरडिही इलाके में तृणमूल कांग्रेस ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

## कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त को एसआईआर नोटिस, बेटे को भी भेजा गया नोटिस

**कोलकाता :** एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की सुनवाई प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में आम लोगों के साथ-साथ प्रसिद्ध और पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों को भी आवश्यकता पड़ने पर नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त प्रसूण मुखोपाध्याय को एसआईआर नोटिस भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। आयोग ने उनके पुत्र रणजीत मुखोपाध्याय को भी नोटिस जारी किया है। आयोग सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2002 की मतदाता सूची में प्रसूण मुखोपाध्याय और रणजीत मुखोपाध्याय के नाम दर्ज नहीं थे। नियमों के मुताबिक, जिन व्यक्तियों के नाम मसौदा सूची में नहीं हैं या जिनके पुराने रिकॉर्ड में विसंगति पाई जाती है, उन्हें 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' यानी तार्किक असंगति के आधार पर नोटिस जारी किया जा रहा है। इस संबंध में रणजीत मुखोपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2002 में उनके पिता उत्तर बंगाल में आईजी पद पर कार्यरत थे, संभवतः इसी कारण उस समय की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि आगामी 14 या 15 तारीख को उन्हें एसडीओ कार्यालय में उपस्थित होकर यह प्रमाण देना होगा कि वे वैध मतदाता हैं। चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया को लेकर रणजीत मुखोपाध्याय ने नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा, भाजपा ने सोचा था कि इस प्रक्रिया में रोहिंग्या या मुस्लिमों के नाम हटेंगे, लेकिन हकीकत में ज्यादा नाम हिंदुओं के ही कट रहे हैं। मैंने 2019 में कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, फिर भी आज मुझे अपना मतदाता होना साबित करना पड़ रहा है। अगर मैं 14 तारीख को नहीं गया, तो मेरा नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाएगा। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

## 'किसी को खोजने आया था'

### नड्डा की बैठक वाले होटल में मुख्यमंत्री की सुरक्षा अधिकारी की मौजूदगी से सियासी रहस्य

**कोलकाता :** सॉल्टलेक के सेक्टर फाइव स्थित एक होटल में उस समय राजनीतिक माहौल बेहद तनावपूर्ण था, जब भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राज्य भाजपा की संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा के लिए बैठक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक होटल परिसर में मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी।

राज्य पुलिस के डीआईजी (सुरक्षा) आईपीएस सुमित कुमार का नड्डा की बैठक स्थल के बेहद पास तक पहुंचना और फिर अचानक लौट जाना कई सवाल खड़े कर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह बैठक कक्ष के नजदीकी कॉरिडोर तक पहुंचे, लेकिन जैसे ही कैमरों की नजर उन पर पड़ी, वह पीछे मुड़कर उसी रास्ते से बाहर निकल गए, जिस रास्ते से होटल में दाखिल हुए थे।

दोपहर के समय होटल में चल रही इस अहम बैठक में राज्य भाजपा के शीर्ष नेता, विभिन्न जिलों के अध्यक्ष और संगठन के संयोजक मौजूद थे। बैठक के दौरान होटल परिसर में डीआईजी (सुरक्षा) को देखकर पहले सुरक्षा कर्मी सतर्क हो गए। इसके बाद जब मीडिया की नजर उन पर पड़ी, तो माहौल और भी चौंकाने वाला हो गया।

होटल के बाहर गाड़ी का इंतजार करते समय जब पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि नड्डा की बैठक के दौरान वह होटल क्यों आए थे, तो उन्होंने संक्षिप्त जवाब दिया- किसी को खोजने आया था। इससे अधिक कुछ कहे बिना ही वह अपनी गाड़ी में बैठकर वहां से चले गए। उनके इस छोटे से जवाब ने रहस्य सुलझाने के बजाय जिज्ञासा और बढ़ा दी।

घटना की खबर फैलते ही भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच भी अटकलों का दौर शुरू हो गया। बैठक कक्ष के बाहर मौजूद नेता जहां जानकारी जुटाने में लग गए, वहीं अंदर मौजूद वरिष्ठ नेताओं के सहयोगी और सुरक्षाकर्मी भी बाहर निकलकर स्थिति समझने की कोशिश करते नजर आए। अंततः डीआईजी सुमित कुमार की इस अचानक मौजूदगी और प्रस्थान की सूचना नड्डा की बैठक के भीतर तक पहुंच गई, जिससे राजनीतिक हलकों में चर्चा और तेज हो गई।

## न्यूटाउन में बहुमंजिली इमारत में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में गुरुवार की सुबह एक बहुमंजिली इमारत में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 7 बजे न्यूटाउन के थाकदारी इलाके स्थित एक बहुमंजिली इमारत में आग लगी। बताया गया है कि इमारत के भीतर स्थित एक कार्यालय में सबसे पहले आग की लपटें देखी गईं। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग को सूचित किया गया। खबर पाकर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। इमारत में कई निजी कंपनियों के कार्यालय हैं, इसलिए कार्यालय समय शुरू होने से पहले ही आग को नियंत्रित करना दमकल कर्मियों के लिए बड़ी चुनौती बन गयी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आग लगने की घटना में इमारत के भीतर किसी के फंसे होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश जारी है, जिससे किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। आग लगने के कारणों को लेकर दमकल विभाग ने शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही आग लगने के सही कारणों का पता चल सकेगा।



## 84% भारतीय पेशेवर खुद को 2026 के लिए नौकरी बाजार में तैयार नहीं मानते : लिंक्डइन

**कोलकाता, समाज्ञा :** लिंक्डइन की एक नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में 84 प्रतिशत पेशेवरों को लगता है कि वे 2026 में नई नौकरी खोजने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। इसके बावजूद 72 प्रतिशत लोग इस साल सक्रिय रूप से नई भूमिका की तलाश में हैं। रिपोर्ट बताती है कि 76 प्रतिशत पेशेवरों के लिए नौकरी ढूंढना पहले की तुलना में अधिक कठिन हो गया है, जिसका कारण बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भूमिका से मेल बैठने की अनिश्चितता और स्किल्स की कमी है। शोध में सामने आया है कि एआई आधारित भर्ती प्रक्रियाएं सभी पीढ़ियों- बूमर्स से लेकर जेन जी-के लिए चुनौती बन रही हैं। हालांकि, 87 प्रतिशत पेशेवर काम में एआई के इस्तेमाल को लेकर सहज हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया में इसके उपयोग को लेकर भ्रम बना हुआ है। इसके बावजूद 94 प्रतिशत नौकरी चाहने वाले अपनी जॉब सर्च में एआई टूल्स अपनाने की योजना बना रहे हैं।

## डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**❑ हांसखाली थाना क्षेत्र से बरामद हुए मोबाइल, बैंक दस्तावेज और क्रिप्टोकरेंसी**

**कोलकाता :** डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी के एक मामले में कोलकाता पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। नेताजी नगर थाना के विभिन्न धाराओं तथा आईटी एक्ट की धाराओं में दर्ज मामले में पुलिस ने छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, नेताजी नगर थाने में दर्ज इस मामले की जांच के दौरान हंसरखाली थाना क्षेत्र में छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान डिजिटल ठगी से जुड़े एक संगठित साजिश गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए 7 जनवरी 2026 की रात लगभग 8:40 बजे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**❑ गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार की गई है-**





■ देब्तानु सरकार (25), निवासी: बागुला, मध्यपाड़ा, थाना हंसरखाली, जिला नदिया।
■ सौरव बिस्वास (27), निवासी: बागुला, मध्यपाड़ा, थाना हंसरखाली, जिला नदिया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। इनमें दो मोबाइल फोन, आठ बैंक पासबुक व चेकबुक, छह एटीएम कार्ड, एक टैंगेम निर्मित हार्डवेयर वॉलेट, लगभग 3,800 अमेरिकी डॉलर के बराबर क्रिप्टोकरेंसी, क्रिप्टो वॉलेट व एक्सचेंज से संबंधित जानकारी तथा कई आपत्तिजनक चैट और दस्तावेज शामिल हैं।

पुलिस का कहना है कि आरोपी डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों को डराकर उनसे पैसे ऐंठने के रैकेट से जुड़े थे। मामले की आगे की जांच जारी है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## सिलीगुड़ी में एसडीओ कार्यालय में लगी भीषण आग, एसआईआर के दस्तावेज जलकर खाक

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी एसडीओ कार्यालय में बुधवार की रात आग लगने की घटना सामने आई है। आग एसडीओ भवन के तीसरे तल्ले पर स्थित रूम नंबर दस में लगी जिससे मजिस्ट्रेट कार्यालय में हड़कंप मच गया। इस घटना में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों के जलकर नष्ट होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रात करीब 11.30 बजे एसडीओ कार्यालय भवन के भीतर से धुआं निकलता देखा गया। इसकी सूचना तत्काल प्रधाननगर थाने की पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मजिस्ट्रेट कार्यालय के अंदर रखे इलेक्ट्रॉनिक सामान और कई महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज़ जलकर राख हो गए है।

घटना की जानकारी रात में ही संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई थी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, आग से हुए नुकसान का विस्तृत आकलन किया जा रहा है, जिसके बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि कौन-कौन से दस्तावेज क्षतिग्रस्त हुए हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक अनुमान है कि यूपीएस ब्लास्ट या शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो सकती है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## सागरदिघी में करोड़ों रुपये के हेरोइन बरामद, चार गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के सागरदिघी थाना अंतर्गत काबिलपुर के कोयलपाड़ा इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की है। इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि पुलिस ने गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर इलाके की तलाशी ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, काबिलपुर के कोयलपाड़ा इलाके में स्थित लालगोला थाना इलाके का निवासी इब्राहिम शेख ने कथित तौर पर अपनी बहन के घर की छत पर बड़ी मात्रा में ड्रग्स छिपाकर रख था। वहां से करीब तीन किलो शुद्ध हेरोइन पाउडर और दो किलो 200 ग्राम कच्चा हेरोइन पाउडर बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि लालगोला निवासी इब्राहिम शेख लंबे समय से अपनी बहन के घर को ड्रग्स रखने के लिए सुरक्षित ठिकाने के तौर पर इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस का अनुमान है कि बरामद भारी मात्रा में ड्रग्स की बाजार कीमत कई करोड़ रुपये है। पता चला है कि इस घटना में काबिलपुर निवासी रकीबुल शेख, उसकी पत्नी मोमिना बीबी और हसीना बीबी समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने कहा कि वे जांच कर रहे हैं कि क्या इस ड्रग रैकेट में कोई और भी शामिल है और अगर जरूरत पड़ी तो और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं।



## रायगंज में सुनवाई के बाद बुजुर्ग ने की 'आत्महत्या', घर से सुसाइड नोट बरामद

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के रायगंज थाना अंतर्गत सुभाषगंज इलाके में एक बुजुर्ग की रहस्यमयी मौत से गुरुवार को हंगामा मच गया। मृतक की पहचान बबलू पाल (65) के तौर पर हुई है। उसकी लाश उसके घर से थोड़ी ही दूर एक पेड़ से लटकी हुई मिली। हालांकि, उसकी मौत की सही वजह अभी पता नहीं चली है। रायगंज थाने ने घटना की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, मृतक के परिवार का दावा है कि मतदाता सूची में नाम न होने की वजह से वह काफी समय से मानसिक तनाव में था। परिवार का दावा है कि शायद इसी वजह से उसने सुसाइड किया होगा। परिवार के सूत्रों के मुताबिक, बबलू को इसी साल 6 जनवरी को एसआईआर सुनवाई के लिए बुलाया गया था। वह सुनवाई में भी गया था। लेकिन, वहां से लौटने के बाद बबलू की बेचैनी कई गुना बढ़ गई। उसके बाद, गुरुवार की सुबह आस-पास के लोगों ने उसकी लाश उसके घर से सिर्फ सौ मीटर दूर एक आम के पेड़ से लटकी हुई देखी। उन्होंने पुलिस को खबर दी। पुलिस आई और बबलू के शव को स्थानीय अस्पताल ले गई, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बबलू के शव को पोस्टमार्टम के लिए रायगंज मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का माननाहै कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल जाएगा। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि यह सिर्फ आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और वजह है। दूसरी तरफ, घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक कृष्ण कल्याणी मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की है। उन्होंने इस घटना के लिए इलेक्शन कमीशन को जिम्मेदार ठहराया।

## आई-पैक कार्यालय में छापेमारी के खिलाफ वार्ड 63 में तृणमूल ने निकाली रैली




**कोलकाता, समाज्ञा :** आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की ओर से पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में, गुरुवार की शाम महानगर के वार्ड 63 में बोरो सात की चेयरपर्सन व स्थानीय पार्षद सुष्मिता भट्टाचार्य के नेतृत्व में रैली निकाली गयी। इस मौके पर वार्ड के तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल खटिक और शेख अलीजान सहित बड़ी संख्या में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पार्षद सुष्मिता भट्टाचार्य ने कहा कि यह भाजपा की साजिश है और साजिश के तहत यह किया गया है। इसका जवाब राज्य की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में देगी।

## भाजपा के खिलाफ हुगली जिले में तृणमूल की धिक्कार रैली

**❑ आईपैक दफ्तर में ईडी छापेमारी को लेकर उबाल**

**हुगली, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित आईपैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी के विरोध में गुरुवार को हुगली जिले में जगह-जगह तृणमूल कांग्रेस ने धिक्कार रैली निकाली। सेवड़ाफूली फाड़ी से नौगांव मोड़ तक निकाली गई पदयात्रा में भाजपा के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई।

तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा ईडी-सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर सत्तारूढ़ दल को दबाने की कोशिश करती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि तृणमूल की लड़ाई जारी रहेगी और जनविरोधी राजनीति का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। यह धिक्कार रैली हुगली सांगठनिक जिला अध्यक्ष एवं विधायक अरिंदम गुइन की अध्यक्षता में निकाली गई। रैली में वैधवाटी नगरपालिका के चेयरमैन पिंटू महतो, सुबीर घोष (भाई दा) सहित तृणमूल कांग्रेस के पार्षदों, महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही। इसी क्रम में तृणमूल कांग्रेस के आह्वान पर श्रीरामपुर आर.एम.एस. मैदान से बटतला तक एक विशाल धिक्कार रैली निकाली गई। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह और ईडी पर पार्टी के कागजात व डेटा शीट पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया। रैली में श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी संतोष सिंह, गौर मोहन दे, पिंटू नाग समेत तमाम टीएमसी पार्षद और समर्थक शामिल रहे। रिसड़ा में भी नगरपालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा के नेतृत्व में रैली निकाली गई, जिसमें वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद सुखसागर मिश्रा, शाकिर अली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। विजय सागर मिश्रा ने आरोप लगाया कि ईडी के जरिए पार्टी के कागजात ले जाए जा रहे हैं और चुनाव के मद्देनजर राज्य में एसआईआर के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपैक के कर्ताधर्ता प्रशांत जैन के आवास पर तलाशी के नाम पर पार्टी की आंतरिक जानकारियां जुटाने का प्रयास किया गया, जो घोर दोहरे मापदंड और मनमानी का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार यह प्रयास कर रही थी। गौरतलब है कि फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े मामले में ईडी की टीम ने गुरुवार को 15 स्थानों पर छापेमारी की, इस दौरान आईपैक के सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में भी ईडी की टीम पहुंची।



## मोबाइल चोर संदेह में युवक की पिटाई, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद रहस्यमय मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में गुरुवार को मोबाइल चोर संदेह में एक युवक की पिटाई के बाद उसकी रहस्यमय मौत हो गई। मृतक युवक का नाम शेख अलाउद्दीन (31) है। यह घटना आंदुल के मिश्रपाड़ा क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, कुछ व्यक्तियों ने शेख अलाउद्दीन को मोबाइल चोर समझकर पीटा। इसकी सूचना एजेंसी बोस बी गार्डन थाना को दी गई। घायल युवक को पुलिस ने तुरंत बचाकर हावड़ा जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के लिए शेख अलाउद्दीन को बी गार्डन थाना में रखा। थोड़ी देर थाने में रहने के बाद वह अचानक अस्वस्थ हो गया और पुनः हावड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही बी गार्डन थाना और हावड़ा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद युवक की अचानक मृत्यु कैसे हुई। वहीं, मोबाइल चोर संदेह में युवक को पीटने वालों से पूछताछ भी शुरू कर दी गई है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



## जन मुद्दों के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी बीएसपी : बाबू नंद

**❑ विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक बैठक, 294 सीटों पर उम्मीदवार उतारने पर मंथन**

**हुगली, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बीएसपी के महासचिव बाबू नंद के आवास पर एक विशेष संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और चुनावी रणनीति को धार देने पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में 294 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बीएसपी नेताओं ने दावा किया कि पार्टी जनमुद्दों के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी और कम से कम 8 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए बाबू नंद ने कहा कि आज चुनाव जनसमस्याओं पर नहीं, बल्कि जनता को गुमराह कर लड़े जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदू-मुस्लिम विवाद को जानबूझकर हवा दी जा रही है और तुष्टिकरण की राजनीति के जरिए वोटों का ध्रुवीकरण किया जा रहा है, जबकि बेरोजगारी, शिक्षा, बंद अस्पताल, बंद कारखाने, मानवाधिकारों पर अत्याचार और कानून-व्यवस्था जैसे मूल मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है। बाबू नंद ने कहा सड़कों की हालत बदहाल है और 1000 रुपये देकर जनता से वोट छीने जा रहे हैं। यदि भरपूर रोजगार मिले, तो हर घर से एक सदस्य प्रतिदिन 1000 रुपये कमा सकता है और किसी नेता की दया पर निर्भर नहीं रहेगा।

बैठक में मौजूद बीएसपी के सेंट्रल कोऑर्डिनेटर लाल जी मेंधानकर ने कहा कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों पार्टियां मतों का ध्रुवीकरण कर तीसरी राजनीतिक ताकत को उभरने से रोकने की रणनीति पर काम कर रही हैं।

बीएसपी का दावा है कि बंगाल की जनता बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था जैसी समस्याओं से त्रस्त है और अब बदलाव के मूड में है। पार्टी नेताओं के अनुसार, लगातार हो रहे राजनीतिक टकराव और आरोप-प्रत्यारोप से जनता का मोहभंग हो चुका है और लोग एक वैकल्पिक राजनीतिक ताकत की तलाश में हैं। इस दिन विभिन्न राजनैतिक दलों को छोड़कर आये कई लोगों ने बीएसपी का दामन थामा वहीं इस बैठक में राज्य अध्यक्ष अचिंत कुमार विश्व की मौजूदगी में राकेश बाउरी को कुल्टी विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया।

## अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ का वार्षिक सेवा शिविर का भव्य उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ द्वारा गंगासागर तीर्थ यात्रियों की सेवा के उद्देश्य से आयोजित वार्षिक सेवा शिविर का उद्घाटन समारोह गुरुवार को आउट्रामघाट में भव्य रूप से संपन्न हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगासागर तीर्थ यात्रियों के आगमन की शुरुआत के साथ ही संघ ने अपने सेवा कार्यों का औपचारिक शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य उद्घाटन करता के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी व व्यवसायी अभय नारायण सिंह उपस्थित थे। इसके अलावा भारत क्षत्रिय समाज के सत्येंद्र सिंह, अरविंद सिंह, मनोज सिंह, राजगिरी सिंह, सुजीत सिंह, दीपक सिंह, राज कपूर तिवारी, रणधीर सिंह और बैरकपुर क्षेत्रीय समाज के मनोज सिंह, आदर्श टीटागढ़ क्षत्रिय समाज के नंद सिंह, अनिल सिंह, क्षत्रिय समाज टीटागढ़ के विजय सिंह व उनके साथी काशीपुर चेतना मंच से तारक दत्त सिंह, विनोद सिंह, संजय सिंह, बबलू सिंह, दिनेश सिंह व उनके साथी और राष्ट्रीय बिहार समाज से ममता सिंह, अनुकूल सिंह कई दिग्गज हस्तियां मौजूद थी। अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ के ब्रह्मदेव जायसवाल, गंगा सिंह, अध्यक्ष रामानुज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के अलावा उपाध्यक्ष अशोक पांडे, अनिल कुमार सिंह, कृष्णकांत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अजीत दुबे, नंदकिशोर सिंह, सुरेश कुमार सिंह, हृदय नारायण सिंह, अशोक अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद सिंह, विमल दीक्षित, सुमन सिंह, अजीत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, बबलू, प्रवीण कुमार सिंह, महामंत्री राजेंद्र सिंह, प्रधान सचिव वेद कुमार तिवारी, शिव वचन यादव, शैलेंद्र सिंह यशवंत सिंह कोषाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी, राज कपूर तिवारी, राजेश सिंह, अनिल सिंह बलिया, सुजीत सिंह, राजेश वर्मा, रोहित सिंह, नंदकिशोर सिंह, नीरज तिवारी, आशुतोष कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, कुंदन सिंह, जय नारायण सिंह, वी श्री प्रेम नारायण सिंह, रमेश ठाकुर कार्यक्रम में उपस्थित थे। इनके अलावा, हावड़ा से संतोष तिवारी, आनंद तिवारी, भृगु नाथ पाठक, चंद्रदेव चौधरी मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के प्रवक्ता अजीत दुबे ने किया, संस्था के अध्यक्ष रामानुज सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी कार्यकारिणी के सदस्यों को दिल से धन्यवाद ज्ञापन किया।



## न्यूज इन ब्रीफ

### कार-बस की भिड़ंत, तीन की मौत, पांच घायल

**जयपुर:** नागौर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर सुरपालिया बाईपास पर बृहस्पतिवार सुबह घने कोहरे के बीच एक कार और स्लीपर बस की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि पांच युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों को डेह में प्राथमिक उपचार के बाद नागौर के जेएलएन अस्प-ताल ले जाया गया जहां से तीन घायलों को हालत गंभीर होने पर जोधपुर रेफर कर दिया गया। घटना में हताहत हुए सारे लोग कार में सवार थे। उनके अनुसार, मृतकों की पहचान बाड़मेर जिले के निम्बलकोट निवासी बींजाराम जाट (19), टीकूराम (26) और चतुराराम (36) के रूप में हुई है।

### संभल मंदिर-मस्जिद विवाद : अदालत में 24 फरवरी को होगी मामले की सुनवाई

**संभल:** उत्तर प्रदेश के चंदौसी की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को शाही जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद की सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तारीख तय की। यह मुकदमा दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। शाही जामा मस्जिद के वकील शकील अहमद वारसी ने पत्रकारों से कहा कि इस मामले की सुनवाई आज (बृहस्पतिवार को) होनी थी लेकिन उच्चतम न्यायालय में स्थगन आदेश होने के कारण सुनवाई टाल दी गई और अब अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी। मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मामले की सुनवाई की वैधता को चुनौती दी थी लेकिन पिछले साल 19 मई को अदालत ने अधीनस्थ न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण की इजाजत दी गई थी और मामले को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था।

### बिहार : समस्तीपुर में संदिग्ध जहरीली शराब से एक व्यक्ति की मौत

**समस्तीपुर:** देश के शराबबंदी वाले बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले के बखरी बुजुर्ग गांव में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से बीमार हो गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक मृतक की पहचान बलेश्वर शाह के रूप में हुई है। उनके बेटे बाबलू शाह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और कथित तौर पर जहरीली शराब के सेवन के बाद बबलू की दृष्टि चली गई है। जिला पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह घटना एक जनवरी को जिले के बखरी बुजुर्ग गांव में हुई।

# 'यूपी दिवस' पर सभी राजभवनों और भारतीय दूतावासों में भी हों आयोजन : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की स्थापना की स्मृति में आयोजित होने वाला उत्तर प्रदेश दिवस (यूपी दिवस)-2026 इस वर्ष और अधिक व्यापक, भव्य एवं वैश्विक स्वरूप में मनाया जाएगा। आगामी 24 से 26 जनवरी तक राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों, देश के सभी राजभवनों और विभिन्न देशों में स्थित भारतीय दूतावासों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश दिवस-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के नागरिक वर्तमान में देश-दुनिया के अनेक हिस्सों में अपनी पहचान बना चुके हैं। यूपी दिवस ऐसा अवसर बने, जो प्रवासी उत्तर प्रदेशवासियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े। उन्होंने निर्देश दिये कि आगामी 24 से 26 जनवरी तक प्रस्तावित तीन दिवसीय समारोह के तहत राजधानी लखनऊ में मुख्य आयोजन के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों में कार्यक्रम



आयोजित किये जाएं। इसके अलावा सभी राजभवनों में संवाद स्थापित कर उनमें आयोजन सुनिश्चित किए जाएं। इन आयोजनों में प्रदेश सरकार के मंत्रीगण उत्तर प्रदेश के मूल निवासी प्रवासियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री ने दूसरे देशों में भारतीय दूतावासों के माध्यम से भी यूपी दिवस आयोजन के लिए संवाद बनाने के निर्देश दिए और कहा कि यूपी दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक चेतना, आर्थिक शक्ति और विकास यात्रा को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि 'यूपी दिवस' का मुख्य समारोह लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा। इस दौरान प्रतिष्ठित संगीत घरानों की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। आदित्यनाथ ने जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर गायन, नृत्य, वादन और नाट्य प्रतियोगिताओं के आयोजन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान', 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' और 'माटी कला बोर्ड सम्मान' प्रदान किए जाएंगे। उद्यमियों, खिलाड़ियों, महिलाओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर प्रदेश की प्रतिभा और परिश्रम को सम्मान दिया जाएगा।

### राजस्थान : जयपुर में गुर्दे के रोग से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल की सुपर स्पेशियलिटी इमारत की छठी मंजिल से एक युवक ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक युवक को गंभीर हालत में सुरक्षा गार्ड और अन्य लोग ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सवाई मानसिंह अस्पताल थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मृतक हंसराज जाट टोंक मालपुरा का रहने वाला था। पिता गोगाराम ने बेटे को तीन महीने पहले ही अपना गुर्दा दिया था। कुछ दिनों पहले गुर्दे में फिर से समस्या आई तो उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। गोगाराम ने बेटे को बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे दूध पिलाया। इसके बाद दोनों सो गए। उसके बाद वह बिना बोले वार्ड से बाहर निकल गया और छलांग लगा दी।

## स्मृति ईरानी का नाम शेष एसआईआर प्रक्रिया के तहत अमेठी की मतदाता सूची में शामिल

**अमेठी (उप्र):** पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी का नाम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत अमेठी की मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है, अधिकारियों और स्थानीय भाजपा नेताओं ने यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी अमेठी के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बताया कि स्मृति ईरानी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में मेदन मवई गांव से मतदाता सूची में शामिल हुई थी और मतदान भी किया था । फिर अब एस आईआर में उनका नाम इस गांव से मतदाता सूची में शामिल है, जहां पर स्मृति ईरानी ने अपना आवास बनाया है। शुक्ला ने बताया, अब, एसआईआर प्रक्रिया के तहत, उनका नाम फिर से मेदन मवई गांव की मतदाता सूची में शामिल



किया गया है, जहां उनका अपना घर है। क्षेत्र में उनकी राजनीतिक यात्रा के बारे में बताते हुए शुक्ला ने कहा कि ईरानी ने 2014 में अमेठी में सक्रिय राजनीति में कदम रखा और तब से लगातार इस क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने 2014 में राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था लेकिन हार गईं। इसके बावजूद, उन्होंने इस क्षेत्र को नहीं छोड़ा और 2019 में उन्हें हराकर अमेठी की सांसद बनीं।

## आरएसएस पर विवादित सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ मामला दर्ज

**बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर कथित रूप से विवादित पोस्ट करने के लिए कांग्रेस के एक नेता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मोहम्मदपुर खाला थाने में आरएसएस के एक कार्यकर्ता की शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायत में आरोप लगाया गयास कि 'फेसबुक' पर किया गया पोस्ट संगठन को बदनाम करने के इरादे से किया गया था और इससे धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। मुंशीगंज इलाके के रहने वाले धनीराम गुप्ता ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में कहा कि यह पोस्ट कांग्रेस के प्रदेश सचिव और कनिकपुर गांव के रहने वाले आदर्श पटेल ने किया था। पुलिस ने बताया कि पोस्ट में आरएसएस को कथित तौर पर 'भारत का सबसे बड़ा आतंकवादी संगठन' बताया गया था। गुप्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता सस्ती लोकप्रियता हासिल करने और हिंदू भावनाओं को भड़काने की कोशिश में बार-बार भड़काऊ पोस्ट कर रहे थे। वहीं कांग्रेस नेता आदर्श पटेल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने यह पोस्ट किसी दूसरे सोशल मीडिया मंच से लेकर 'फेसबुक' पर साझा किया था और उनका किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मामले पर संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। थाना प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि पटेल के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## राजस्थान में दो साल में कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार : मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले दो साल में राज्य की कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और अपराधों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था की निर्णायक भूमिका है। शर्मा ने बृहस्पतिवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में 'विकसित भारत में पुलिस व्यवस्था' विषय पर आयोजित एक राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो साल में राज्य की कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस दौरान वर्ष 2023 के मुकाबले अपराधों की संख्या में 15 प्रतिशत, हत्या के मामलों में 25 प्रतिशत, लूट के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं, महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में 10 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध अत्याचार के मामलों में 28




प्रतिशत की कमी आई है। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस प्रशिक्षण के नवाचारों ने राज्य को एक नयी पहचान दिलाई है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार के उपक्रम क्षमता विकास आयोग द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया गया है। यह अकादमी सभी राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्राप्त करने वाली प्रथम अकादमी बनी है। शर्मा ने पुलिसकर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि इसी समर्पित भाव से राष्ट्र एवं समाज की सेवा करते हुए पुलिसिंग को मजबूत करें और नयी आपराधिक न्याय प्रणाली के क्रियान्वयन में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नयी न्याय संहिता में त्वरित न्याय की अवधारणा से लोगों का विश्वास और मजबूत हो रहा है। इन तीनों नए कानूनों के क्रियान्वयन के तहत प्रदेश में चरणबद्ध रूप से सात वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में जांच एफएसएल के माध्यम से कराने के लिए थानों को सुदृढ़ किया जा रहा है।

## समाजवादी पार्टी खुद पीडीए को लेकर भ्रम में है: पंकज चौधरी

**वाराणसी (उप्र):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के हाल में जारी 'पीडीए पंचांग' पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी खुद ही इस बात को लेकर पक्का नहीं है कि पीडीए का मतलब क्या है, जबकि भाजपा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली समावेशी राजनीति में विश्वास करती है। हाल में समाजवादी पार्टी ने 2026 के लिए अपना 'समाजवादी पीडीए पंचांग' जारी किया है। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा जारी किए



गए इस कैलेंडर में प्रमुख राष्ट्रीय, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तारीखों के साथ-साथ पार्टी के विचारकों, संस्थापकों और पीडीए - पिछड़ा (पिछड़ी जातियां), दलित और अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित सामाजिक हस्तियों की जयंती एवं पुण्यतिथि को भी दिखाया गया है। यह पंचांग सपा की राजनीतिक पहुंच के हिस्से के रूप में देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच बांटा जा रहा है। चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में वाराणसी में प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा किसी एक जाति की पार्टी नहीं बल्कि सर्व समाज की पार्टी है। उन्होंने कहा, पहले समाजव-ादी पार्टी को यह तय करना चाहिए कि पीडीए का असल में मतलब क्या है। सपा खुद पीडीए को लेकर कन्फ्यूजन में है, जबकि भाजपा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर काम करती है। चौधरी बुधवार रात वाराणसी पहुंचे, जहां भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान के अनेक इलाकों में शीतलहर, घना कोहरा

**जयपुर:** राजस्थान के कई इलाकों में शीतलहर जारी है और बृहस्पतिवार सुबह भी घना कोहरा छाया रहा। हालांकि राजधानी जयपुर में दो दिन बाद धूप निकलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम केंद्र जयपुर ने बृहस्पतिवार सुबह बताया कि बीते चौबीस घंटे में राज्य में अनेक जगह घने से अति घना कोहरा छाया रहा। राज्य के अनेक इलाकों में लगातार शीतलहर व अति शीत दिवस दर्ज किया गया है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शीत दिवस तब घोषित किया जाता है जब अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस कम रहता है। बीते चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान सीकर में 2.5 डिग्री, जैसलमेर में 3.3 डिग्री, माउंट आबू में 4.6 डिग्री, झुंझुनू में 4.7 डिग्री, सिरोही में 4.9 डिग्री, चूरू में 5.2 डिग्री, फतेहपुर में 5.5 डिग्री व गंगानगर में 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में इस दौरान अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमश: 17.6 डिग्री व 4.4 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि राजधानी व आसपास के इलाकों में बृहस्पतिवार सुबह दो दिन बाद धूप खिली जिससे लोगों को थोड़ी राहत रही।

### बिहार में अगले दो दिनों तक शीतलहर की स्थिति बने रहने की संभावना

**पटना:** बिहार मौसम सेवा केंद्र (बीएमएसके) ने बृहस्पतिवार को राज्य में अगले दो दिनों तक शीतलहर की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है। बीएमएसके के अनुसार, राज्य के अधिकतर जिलों में कम तापमान के साथ मध्यम से तेज गति से हवा चलने के कारण ठिठुरन बनी रहेगी। बीएमएसके के आंकड़ों के मुताबिक, गया जिले के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सबसे कम तापमानों में से एक है। राजधानी पटना में पारा 9 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया, जबकि भागलपुर जिले के सबौर क्षेत्र में 4.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से काफी नीचे है। बीएमएसके के ताज़ा पूर्वानुमान के अनुसार, राज्य में न्यूनतम तापमान अगले दो दिनों में चार डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है, जिससे शीतलहर की तीव्रता और बढ़ने की आशंका है। तापमान में गिरावट के साथ-साथ घने कोहरे की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। पटना, दरभंगा, बेगूसराय और आसपास के कई जिलों में दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे सड़क और रेल परिवहन प्रभावित हुआ है। यात्रियों को देरी, ट्रेनें रद्द होने और हादसों की आशंका के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### शीत लहर की चेतावनी के बीच रांची में स्कूल 10 जनवरी तक बंद

**रांची:** झारखंड के रांची जिले में प्रशासन ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी शीत लहर की चेतावनी के मद्देनजर सभी स्कूल 10 जनवरी तक बंद रहेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, यह आदेश रांची में संचालित सभी श्रेणी के स्कूलों पर लागू होता है। आदेश में कहा गया है, रांची जिले के अंतर्गत संचालित सभी सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) और सभी निजी स्कूलों में केजी से कक्षा 12 तक की सभी कक्षाएं 10 जनवरी तक बंद रहेंगी। इसमें कहा गया है कि यह निर्णय छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इससे पहले आठ जनवरी तक स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। आईएमडी ने शुक्रवार सुबह 8.30 बजे तक रांची सहित 13 जिलों के लिए शीत लहर का येलो अलर्ट (अपडेट किया गया) जारी किया है। अन्य जिले जिनमें शीत लहर की स्थिति का अनुभव होने की संभावना है उनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, गुमला, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं।

### तौकीर रजा के बेटे के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज

**शाहजहांपुर (उप्र):** इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के एक नेता के बेटे के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि उसने कथित तौर पर अपनी कार से एक बस में टक्कर मार दी थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फरमान रज़ा खान (30) के खिलाफ यह दूसरी प्राथमिकी है, जिस पर आरोप है कि दुर्घटना के बाद उसकी कार से कुछ 'क्रिस्टल मेथ' मिली थी, जो एक गैर-कानूनी मादक पदार्थ है । पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मंगलवार देर रात बरेली निवासी तौकीर रजा के बेटे फरमान रजा खान (30) अपनी कार से बरेली की ओर जा रहे थे, इनकी कार थाना तिलहर अंतर्गत कछियानी खेड़ा मंदिर के पास पहुंची तभी आगे चल रही रोडवेज बस में इनकी कार ने पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ, परंतु कार की पुलिस द्वारा तलाशी लेने के दौरान एक बैग में रखा आधा ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ था। उन्होंने बताया कि इसी मामले में बुधवार शाम को सीतापुर डिपो के बस चालक शिवेंद्र पांडे ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उनकी बस हरिद्वार जा रही थी मंदिर के पास भीड़भाड़ होने के चलते वह अपनी बस को धीमी गति से चला रहा था तभी पीछे से आई कार ने बस में जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते बस का काफी नुकसान हुआ है।

---

समाज्ञा

# CINE मंत्र

## क्या इंडस्ट्री के सबसे अच्छे कलाकार हैं ईशान खट्टर?



ईशान खट्टर अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के बाद उन्होंने अपने आपको एक ऐसे एक्टर के तौर पर स्थापित कर लिया है जो कई तरह के किरदारों को निभाते हैं। उन्होंने फिल्मों और ओटीटी पर अपने काम से अपने आपको साबित किया है। 'होमबाउंड' में अपने अभिनय से उन्होंने अपनी रेप्युटेशन को और ज्यादा मजबूत किया है। उनके फैंस इस बात के लिए उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं।

ईशान खट्टर ने अपने एक फैन का एक रिव्यू शेयर किया, जिसने ईशान को 'इंडस्ट्री का सबसे अच्छा एक्टर' बताया है। फैन ने 'होमबाउंड' से ईशान खट्टर और विशाल जेठवा की एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'मेरे लिए यह फिल्म देखना एक निजी अनुभव है। होमबाउंड ने मुझे बहुत गहराई से प्रभावित किया है। कोविड के दौरान घर की यात्रा के बारे में सोचकर मैं रो पड़ा। कई लोग अपने घर वापस नहीं आ सके। फिल्म देखकर मैं इस बात के लिए शुक्रगुजार हूं कि मैं वापस आ सका।'

फैन ने ईशान के बारे में कहा 'मुझे लगता है कि ईशान खट्टर अभी इंडस्ट्री में हमारे पास सबसे अच्छे एक्टर हैं। उनका टैलेंट कमाल का है। रॉ, पावरफुल, खूबसूरत सिनेमा का बेहतरीन उदाहरण!' ईशान खट्टर ने इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए आभार जताया है।

फिल्म 'होमबाउंड' 26 सितंबर 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म ने अपनी बेहतरीन स्टोरी, भावनात्मक गहराई और सामाजिक जुड़ाव की वजह से खूब चर्चा बटोरी है। ईशान खट्टर के अलावा इसमें जाह्नवी कपूर और विशाल जेठवा लीड रोल में हैं। इस फिल्म ने देशभर के दर्शकों का दिल जीत लिया है। पूरी टीम में ईशान की परफॉर्मेंस सबसे अलग है और उन्हें फैंस और क्रिटिक्स दोनों से लगातार तारीफ मिल रही है।

## आलिया भट्ट ने की रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' की तारीफ

आदित्य धर के निर्देशन में बनी जासूसी थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल दिखा रही है। इसी बीच आलिया ने 'धुरंधर' की तारीफ में एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है और साथ ही 'धुरंधर' को 'आज के भारत की आवाज' बताया है।

### आलिया भट्ट का पोस्ट

आलिया भट्ट अपने पति रणबीर कपूर और बेटी राहा के साथ नए साल की छुट्टियां मनाकर लौटी हैं। गुरुवार को उनके प्रोडक्शन हाउस 'एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस' के सोशल मीडिया पर 'धुरंधर' टीम के लिए एक संदेश पोस्ट किया गया।



आलिया ने फिल्म को 'आज के भारत की आवाज' बताया और बहुत सराहाना की है।

### आलिया भट्ट ने की 'धुरंधर' की तारीफ

Eternal Sunshine के सोशल मीडिया पर आलिया ने 'धुरंधर' के लिए लिखा और साथ ही इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया। आलिया ने लिखा, 'यह आज के भारत की आवाज है। यह आज के भारत की पसंद है। यह इतिहास के एक अध्याय पर आधारित है। अब यह भारत के सिनेमा इतिहास का नंबर एक अध्याय बन गया है। 'धुरंधर' को सलाम। पूरी टीम को बधाई। आपने न सिर्फ धूम मचाई, बल्कि सिनेमाघरों में फिर से रौनक ला दी। अगर पहला भाग सर्दियों में इतना कमाल कर गया, तो दूसरा भाग वसंत में क्या करेगा?'

### 'धुरंधर' के बारे में

आज फिल्म 'धुरंधर' ने 35वें दिन गुरुवार को अभी तक 2.14 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। वहीं इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 788.14 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इस फिल्म में अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन, और दानिश पैंडोर जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है।

## राजेंद्रकुमार की पत्नी और कुमार गौरव की मां शुक्ला कुमार का निधन

अभिनेता राजेंद्र कुमार के यहां से एक बेहद दुख भरी खबर आई है। राजेंद्र कुमार की पत्नी और अभिनेता कुमार गौरव की मां शुक्ला कुमार का निधन हो गया है। इस खबर के सामने आते ही फिल्म जगत और फैंस के बीच दुख की लहर दौड़ गई है। शुक्ला कुमार की प्रार्थना सभा का आयोजन 10 जनवरी को किया जाएगा।

### चकाचौंध से दूर थीं शुक्ला

शुक्ला कुमार का परिवार बॉलीवुड पर दशकों तक राज करता रहा। हालांकि वह बॉलीवुड की चकाचौंध से दूर रहीं। उनके पति राजेंद्र कुमार को हिट फिल्मों की वजह से 'जुबली कुमार' के नाम से बुलाया जाता था। वह कैंसर से पीड़ित थे। हालांकि साल 1999 में उनका निधन हार्ट अटैक की वजह से हुआ था।

### फिल्म जगत से जुड़ा था बैकग्राउंड



बताया जाता है कि शुक्ला कुमार जमीन से जुड़ी और काफी मिलनसार महिला थीं। राजेंद्र कुमार के संघर्ष के दिनों से लेकर गोल्डन दौर तक शुक्ला कुमार उनके साथ मजबूती से खड़ी रहीं। शुक्ला कुमार का परिवारिक बैकग्राउंड भी फिल्म जगत से जुड़ा था। वह रमेश बहल और श्याम बहल की बहन थीं।

### शुक्ला कुमार के बच्चे

शुक्ला कुमार और राजेंद्र कुमार के तीन बच्चे हैं। बेटे कुमार गौरव ने फिल्मों में अपनी पहचान बनाई। बड़ी बेटी डिंपल की शादी फिल्म निर्माता राजू पटेल से हुई। दूसरी बेटी मनोरमा की शादी निर्माता ओपी रहलान से हुई।

## क्या है विक्की-कटरीना के बेटे विहान कौशल का 'उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक' से कनेक्शन?



विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने अपने बच्चे का नामकरण किया है। जिसके बाद कपल ने अपने बेटे का नाम विहान रखा है। इसकी जानकारी खुद विक्की-कटरीना ने एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को दी। इसके बाद से ही फैंस से लेकर सेलेब्स तक विक्की-कटरीना को बधाई दे रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्की कौशल के बेटे के नाम का उनकी फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' से क्या कनेक्शन है? जानते हैं

विक्की-कटरीना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने अपने बेटे का नाम विहान कौशल रखा है। अब हम आपको बताते हैं कि विहान कौशल का विक्की की फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' से क्या कनेक्शन है। दरअसल, आदित्य धर द्वारा निर्देशित फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' में विक्की कौशल के किरदार का नाम भी विहान ही होता है। फिल्म में विक्की कौशल ने मेजर विहान शेरगिल का किरदार निभाया है। अब विक्की कौशल ने अपने बेटे का नाम भी विहान ही रखा है। ऐसे में अब विक्की कौशल के बेटे और फिल्म उरी के बीच विहान नाम का कनेक्शन है।

इसी कनेक्शन का जिक्र 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' के निर्देशक आदित्य धर ने भी किया है। आदित्य धर ने विक्की-कटरीना को उनके बेटे के नामकरण पर शुभकामनाएं देते हुए पोस्ट पर कमेंट किया। इस कमेंट में आदित्य धर ने विहान कौशल का कनेक्शन पिता विक्की कौशल की फिल्म से निकाला। आदित्य धर ने कमेंट में लिखा, 'विक्की-कटरीना को बहुत-बहुत बधाई। मेरे विक्कू मेजर विहान शेरगिल के किरदार को पर्दे पर जीवंत करने से लेकर अब नन्हे विहान को अपनी बाहों में थामने तक, जीवन का चक्र सचमुच पूरा हो गया है। आप तीनों को मेरा ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद। आप दोनों कमाल के माता-पिता बनेंगे।'

विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 9 दिसंबर 2021 को शादी की थी। इसके बाद पिछले साल सितंबर में कटरीना कैफ ने अपनी प्रेग्नेंसी घोषित की थी। जबकि 7 नवंबर को कपल ने अपने बेटे का स्वागत किया। इसकी जानकारी भी कपल ने एक संयुक्त पोस्ट के माध्यम से दी थी। अब 7 जनवरी को विक्की कटरीना ने फिर एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बेटे के नामकरण की जानकारी दी। इस बार कपल ने बच्चे की हल्की सी झलक भी दिखाई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में 3.9 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी :** राज्य और उसके पड़ोसी इलाकों में 5.1 तीव्रता के झटके के तीन दिन बाद बृहस्पितवार शाम को असम में 3.9 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों के अनुसार, नवीनतम भूकंप का केंद्र उदलगुरी जिले में 10 किमी की गहराई पर था। इसे शाम 7.30 बजे 26.71 उत्तरी अक्षांश और 92.30 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। गुवाहाटी समेत राज्य के मध्य और उत्तरी हिस्सों में झटके महसूस किये गये। अधिकारियों ने बताया कि किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

### अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर वायु यातायात नियंत्रकों की पृष्ठभूमि की बातचीत भी रिकॉर्ड हो :एएआईबी

**नयी दिल्ली :** विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हवाई यातायात नियंत्रण टावरों में ड्यूटी पर तैनात नियंत्रकों के वीडियो और पृष्ठभूमि में होने वाली बातचीत को भी रिकॉर्ड करने के लिए उपकरण लगाने की सिफारिश की है। एरियाना अफगान एयरलाइंस के 34 साल पुराने विमान ए310-304 के दिल्ली हवाई अड्डे के रनवे पर उतरने और लगभग उसी समय एक अन्य विमान के वहां से उड़ाने भरने की गंभीर घटना की जांच कर रही एजेंसी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में अंतरिम सुरक्षा सिफारिश की है। काबुल से आ रही उड़ान एएफजी311 के दिल्ली हवाई अड्डे पर गैर-निर्धारित रनवे पर उतरने की घटना 23 नवंबर को हुई थी।

### प्रख्यात साहित्यकार ज्ञानरंजन का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

**जबलपुर (मध्यप्रदेश) :** प्रसिद्ध कथाकार और साहित्यकार ज्ञानरंजन का 90 वर्ष की आयु में बुधवार रात यहां के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार दोपहर स्थानीय गौरी घाट मुक्तिधाम में किया गया। ज्ञानरंजन के पुत्र शांतनु ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं में विशेष स्थान रखने वाली पत्रिका 'पहल' के संपादक के रूप में काम कर चुके ज्ञानरंजन के निधन की खबर के साथ ही कथा और साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई तथा बड़ी संख्या में स्थानीय कथाकार एवं साहित्यकार और उनके चाहने वाले उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2026 के लिए 52 सप्ताह में 52 सुधारों की घोषणा की



**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और 2026 में 52 हफ्तों में 52 बड़े सुधार लागू करने की योजना का ऐलान किया। रेल मंत्रालय के प्रेस नोट के मुताबिक, बैठक में नए साल की भावना और रेलवे में बड़े सुधार लाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। चर्चा अवसंरचना विकास, रख-रखाव और क्षमता बढ़ाने की कोशिशों पर केंद्रित रही। अधिकारियों ने कहा कि यात्री सुविधाओं और परिचालन सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेलवे में बड़े सुधारों की जरूरत है। '52 हफ्तों में 52 सुधार' योजना क्षमता, शासन और सेवा प्रदान करने में प्रणालीगत सुधार पर केंद्रित रहेगी।

# तुर्कमान गेट हिंसा: दिल्ली की अदालत ने 5 आरोपियों को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई पथराव की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किये गए पांच लोगों को बृहस्पतिवार को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन पांचों आरोपियों - मोहम्मद आरिब, काशिफ, अदनान, मोहम्मद कैफ और समीर - को न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा सुहाग के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने पांचों आरोपियों को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सभी पांचों आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार का दिन निर्धारित किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को चांदनी महल पुलिस थाने में पांचों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से रोकने संबंधी अधिनियम, 1984 के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। इस मामले में अब तक कुल 11 गिरफ्तारियां की गई हैं, जिनमें एक नाबालिग की हिरासत भी शामिल है।

### व्हाट्सएप ग्रुप में मस्जिद को तोड़े जाने के संदेश फैलाये गये, उसी से भड़की हिंसा: दिल्ली पुलिस

दिल्ली में तुर्कमान गेट के पास फैज-ए-इलाही मस्जिद के कथित विध्वंस की अफवाहों का खंडन करने के लिए अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई की लेकिन उसे हवा देने में कई व्हाट्सएप ग्रुपों पर प्रसारित भ्रामक दृश्य संदेशों ने तनाव पैदा करने में अहम भूमिका निभायी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में इस मस्जिद के पास मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हिंसा भड़क गई थी। कई लोगों ने पथराव किया जिससे इलाके के थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

## केंद्र ने एयर प्यूरिफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका का उच्च न्यायालय में विरोध किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय में उस जनहित याचिका का विरोध किया है जिसमें एयर प्यूरिफायर को चिकित्सा उपकरणों के रूप में वर्गीकृत करने और उस पर जीएसटी दरों को कम करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही केंद्र ने कहा कि कर से संबंधित मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य है। केंद्र ने कहा कि यह एक स्थापित कानून है कि अदालतें खुद को संवैधानिक रूप से नामित निर्णय निर्माताओं के लिए प्रतिस्थापित नहीं करती हैं, खासकर आर्थिक नीति और राजकोषीय संरचना से जुड़े मामलों में। केंद्र ने याचिका के जवाब में दायर अपने हलफनामे में कहा, इस अदालत द्वारा जीएसटी दरों को संशोधित करने, जीएसटी परिषद की बैठक बुलाने या जीएसटी परिषद को किसी विशेष परिणाम पर विचार करने या अपनाने के लिए मजबूर करने का कोई भी निर्देश जीएसटी के कार्यक्षेत्र में अदालत का हस्तक्षेप होगा।

## पाकिस्तानी नागरिकता छिपाकर सरकारी नौकरी पाने वाली महिला के खिलाफ प्राथमिकी

**रामपुर :** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में पुलिस ने पाकिस्तानी नागरिकता छिपाने और धोखाधड़ी से बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक की नौकरी पाने के आरोप में एक महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, बेसिक शिक्षा विभाग की शिकायत पर अजीम नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। विभाग की आंतरिक जांच में पाया गया कि महिला ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके नौकरी हासिल की थी। महिला की पहचान माहिरा अख्तर उर्फ फरजाना के रूप में हुई है।

## जांच समिति की वैधता को चुनौती देने वाली न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा की उस याचिका पर फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही संसदीय समिति की वैधता को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एससी शर्मा की पीठ ने वर्मा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा तथा संसद के दोनों सदनों का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान, रोहतगी और लूथरा ने संसदीय समिति के गठन में अपनाई गई प्रक्रिया पर सवाल उठाया और कहा कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम 1968 के तहत, केवल लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति ही किसी न्यायाधीश को पद से हटाने के प्रस्ताव को स्वीकार करने के हकदार हैं। मेहता ने संसदीय समिति के गठन का बचाव करते हुए कहा कि यदि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार कर लिया गया है, तो जांच समिति का संयुक्त रूप से गठन लोकसभा अध्यक्ष और सभापति द्वारा किया जाएगा। बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि न्यायाधीश जांच अधिनियम के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए जांच समिति गठित करने में कोई रोक नहीं है।

# सोमनाथ पर्व उनकी याद में मनाया जाता है जिन्होंने सिद्धांतों, मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया: मोदी



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर गुजरात में सोमनाथ मंदिर की अपनी यात्राओं की तस्वीरें शेयर कीं**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बृहस्पतिवार से शुरू होने वाला 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' भारत माता के उन असंख्य सपूतों को स्मरण करने का पर्व है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जय सोमनाथ! सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की आज से शुरुआत हो रही है। एक हजार वर्ष पूर्व, जनवरी 1026 में सोमनाथ मंदिर ने अपने इतिहास का पहला आक्रमण झेला था। साल 1026 का आक्रमण और उसके बाद हुए अनेक हमले भी हमारी शाश्वत आस्था को डिगा नहीं सके। बल्कि इनसे भारत की सांस्कृतिक एकता की भावना और सशक्त हुई और सोमनाथ का बार-बार पुनरोद्धार होता रहा।'' प्रधानमंत्री 11 जनवरी को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ की अपनी पिछली यात्राओं की कुछ तस्वीरों को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने देशवासियों से भी अपील की कि अगर वे भी सोमनाथ गए हैं, तो अपनी तस्वीरें 'हैशटैग सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के साथ जरूर साझा करें। मोदी ने कहा, ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का यह अवसर, भारत माता के उन असंख्य सपूतों को स्मरण करने का पर्व है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। समय कितना ही कठिन और भयावह क्यों ना रहा हो, उनका संकल्प हमेशा अडिग रहा।''

### न्यायालय:मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 13 जनवरी को

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय बिहार समेत कई राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर 13 जनवरी को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिन में याचिकाओं की सुनवाई तय की थी। पीठ ने कहा कि कार्यवाही मंगलवार को फिर से शुरू होगी। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी मामले में अपनी दलीलें पेश करने वाले थे। निर्वाचन आयोग ने छह जनवरी को पीठ को बताया था कि उसके पास मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शक्ति और क्षमता है, इसके अलावा यह सुनिश्चित करना एक संवैधानिक कर्तव्य है कि किसी भी विदेशी को मतदाता के रूप में पंजीकृत न किया जाए।

## अमेरिका 60 से अधिक वैश्विक संस्थाओं से बाहर निकला, संरा निकायों व अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से भी अलग हुआ

**संयुक्त राष्ट्र/वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों और भारत-फ्रांस के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) समेत 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अमेरिका को बाहर निकालने का फैसला किया है। ट्रंप ने इन संस्थाओं को अनावश्यक और अमेरिका के हितों के विरुद्ध बताया। ट्रंप ने बुधवार को 'संयुक्त राज्य अमेरिका के हितों के प्रतिकूल अंतरराष्ट्रीय संगठनों, सम्मेलनों और संधियों से अमेरिका को बाहर निकालना' शीर्षक वाले एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर के बाद ट्रंप ने कहा कि उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि 66 संयुक्त राष्ट्र और गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठनों का सदस्य बने रहना, उनमें भागीदारी करना या किसी भी रूप में उन्हें समर्थन देना अमेरिका के हितों के विपरीत है। व्हाइट हाउस द्वारा बुधवार को जारी एक पत्र के अनुसार, इनमें 31 संयुक्त राष्ट्र निकाय और 35 गैर-संयुक्त राष्ट्र संगठन शामिल हैं, जो अमेरिकी राष्ट्रीय हितों, सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि या संप्रभुता के विरुद्ध कार्य करते हैं। ट्रंप ने सभी कार्यकारी विभागों और एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे इन संगठनों से अमेरिका को बाहर निकाले जाने संबंधी फैसले को यथाशीघ्र लागू करने के लिए तत्काल कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र निकायों के मामले में, कानून द्वारा अनुमेय सीमा तक, इन संस्थाओं में भागीदारी या वित्त-पोषण समाप्त करना ही वापसी माना जाएगा। जिन संगठनों से अमेरिका अलग हो रहा है, उनमें जलवायु परिवर्तन पर भारत और फ्रांस की संयुक्त पहल अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) भी शामिल है।

### अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन 125 देशों के साथ अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम जारी रखेगा

भारत के नेतृत्व वाला अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) अपने 125 सदस्य देशों के साथ मिलकर सौर ऊर्जा के माध्यम से जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने के प्रयास जारी रखेगा। अमेरिका के इस गठबंधन से बाहर निकलने के बाद आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आईएसए का मुख्यालय गुरुग्राम में स्थित है। यह भारत और फ्रांस की संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों को एकजुट करना है। इसे 2015 में पेरिस में सीओपी21 (जलवायु परिवतर्न पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन) सम्मेलन के दौरान शुरू किया गया था।

## बर्फीली ठंड से जम्मू-कश्मीर में डल झील के किनारे जमे

### उत्तर भारत में सर्दी का प्रकोप तेज



नयी दिल्ली : उत्तर भारत में गुरुवार को कड़ाके की ठंड और तेज हो गई। जम्मू-कश्मीर में भीषण शीतलहर के चलते डल झील सहित कई जलस्रोतों के किनारों पर पानी जम गया, जबकि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में तापमान में और गिरावट दर्ज की गई।जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर सहित कई इलाकों में मौसम की सबसे ठंडी रात महसूस की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.2 डिग्री कम रहा। मध्य कश्मीर के सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 9.8 डिग्री और गुलमर्ग में शून्य से 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। घाटी इस समय अत्यधिक ठंड की 40 दिन की अवधि 'चिल्ला-ए-कलां' से गुजर रही है।हिमाचल प्रदेश में भी शीतलहर जारी रही। कुकुमसेरी शून्य से 11.2 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राज्य के 34 में से 13 स्टेशनों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने नौ से 12 जनवरी तक कई जिलों में घने कोहरे के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान 17.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सर्दी का अब तक का सबसे कम तापमान है। पालम 4.8 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा। सुबह के समय घने कोहरे के कारण दृश्यता घटकर पालम में 100 मीटर और सफदरजंग में 500 मीटर रह गई।उत्तर प्रदेश में भी ठंड का असर बना रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 16.9 और न्यूनतम 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## असम की आबादी में बांग्लादेशी मुस्लिमों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना : हिमंत



**उत्तर लखीमपुर (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि अगली जनगणना में बांग्लादेशी मुसलमानों की संख्या राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत हो सकती है। मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्य में दशकों से जनसांख्यिकीय परिवर्तन हो रहा है, जिसमें बांग्लादेशी मूल के मुसलमानों की आबादी में लगातार वृद्धि हो रही है। शर्मा ने यहां एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा, ''जनगणना असम के लिए और भी बुरी खबर लेकर आएगी। बांग्लादेशी मुसलमानों की संख्या राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।'' पिछले साल जुलाई में, शर्मा ने दावा किया था कि यदि वर्तमान वृद्धि दर जारी रही तो 2041 तक असम में मुसलमानों की आबादी हिंदुओं की आबादी के लगभग बराबर हो जाएगी। देश में 2011 की जनगणना के अनुसार, असम की कुल जनसंख्या 3.12 करोड़ में से 1.07 करोड़ मुस्लिम (34.22 प्रतिशत) और 1.92 करोड़ हिंदू (61.47 प्रतिशत) थे। देशव्यापी जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी - अप्रैल से सितंबर 2026 तक घरों की सूची और आवास की गिनती की जायेगी, जिसके बाद फरवरी 2027 में जनगणना की जाएगी।

## जमीन के बदले नौकरी घोटाले में अदालत लालू एवं अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर सुना सकती है फैसला



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव एवं उनके परिवार के सदस्यों तथा अन्य लोगों से जुड़े कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाले में आरोप तय करने पर अपना फैसला सुना सकती है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने 19 दिसंबर को लालू यादव एवं अन्य के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से द्वारा दायर मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि ''आरोप तय करने पर आदेश नौ जनवरी को सुबह 10:30 बजे सुनाया जाएगा।'' सुनवाई के दौरान, सीबीआई ने मामले में आरोपी व्यक्तियों की स्थिति के बारे में एक सत्यापन रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी चार्जशीट में नामजद 103 आरोपियों में से पांच की मौत हो गई है। जांच एजेंसी ने कथित घोटाले के सिलसिले में लालू यादव, उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। आरोप है कि मध्यप्रदेश के जबलपुर में स्थित इंडियन रेलवे के वेस्ट सेंट्रल जोन में ग्रुप-डी कैटेगरी में भर्तियां लालू यादव के रेल मंत्री रहते 2004 से 2009 के बीच की गईं। इसके बदले में भर्ती होने वाले लोगों ने राजद प्रमुख के परिवार के सदस्यों या सहयोगियों के नाम पर जमीन के टुकड़े तोहफ़े में दिए या हस्तांतरित किये। सीबीआई ने यह भी दावा किया कि ये नियुक्तियां नियमों का उल्लंघन करके की गईं और इन लेन-देन में बेनामी संपत्तियां शामिल थीं, जो आपराधिक कदाचार और साजिश के बराबर है। आरोपियों ने आरोपों से इनकार किया है और दावा किया है कि यह मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित है।

## आवारा कुत्ते मामला: उच्चतम न्यायालय ने कहा, सड़कों से हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने सड़कों से हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया है और उसका निर्देश पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियमों के तहत इन आवारा कुत्तों से निपटने से संबंधित था। आवारा कुत्तों के मामले में दलीलें सुनते हुए न्यायालय ने कहा कि कुत्ते उन लोगों को सूंघ सकते हैं जो या तो उनसे डरते हैं या जिन्हें कुत्ते ने काटा हो और वे ऐसे लोगों पर हमला कर देते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की विशेष पीठ, कुत्ता प्रेमियों द्वारा दायर उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिनमें न्यायालय के पूर्व आदेशों में संशोधन और निर्देशों के कड़ाई से अनुपालन की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति मेहता ने कहा, ''हमने सड़कों से सभी कुत्तों को हटाने का निर्देश नहीं दिया है। निर्देश यह है कि उनसे नियमों के तहत निपटा जाए।''

## आतंकवादी ढांचे और वित्तपोषण को निशाना बनाने वाले अभियान मिशन मोड में जारी रहने चाहिए: शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि आतंकी ढांचे और आतंकवाद के वित्तपोषण पर निशाना साधने वाले आतंकवाद रोधी अभियान ''मिशन मोड'' में जारी रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर को जल्द से जल्द ''आतंकवाद मुक्त'' बनाने के लक्ष्य को पाने के लिए सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। केंद्र शासित प्रदेश को लेकर एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और मिलकर काम करते रहने का निर्देश दिया ताकि अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद हासिल फायदे कायम रहें। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस दिशा में सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आईबी निदेशक तपन कुमार डेका और केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के प्रमुख और दूसरे वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। केंद्र शासित प्रदेश के सुरक्षा हालात को मजबूत करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की तारीफ करते हुए, शाह ने कहा, ''आतंकवादी ढांचे और आतंकवाद के वित्तपोषण पर निशाना साधने वाले आतंकवाद रोधी अभियान मिशन मोड में जारी रहने चाहिए।''

# 2014 से 2024 के बीच पुन: निर्वाचित सांसदों की संपत्ति में औसतन 110 प्रतिशत की वृद्धि: एडीआर



**नयी दिल्ली :** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 और 2024 के बीच, लोकसभा के लिए दोबारा चुने गए 102 सांसदों की संपत्ति में औसतन 100 प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई है। जिन दस सांसदों की संपत्ति में सबसे ज़्यादा बढ़ोतरी हुई है, उनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उदयनराजे भोंसले, पूनमबेन मादम, हेमा मालिनी और निशिकांत दुबे; वाईएसआरसीपी के पीवी मिधुन रेड्डी; शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल; तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा; तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 से 2024 के लोकसभा चुनावों के बीच दोबारा निर्वाचित हुए 102 सांसदों की संपत्ति में औसतन 17.36 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो लगभग 110 प्रतिशत की वृद्धि है। रिपोर्ट के मुताबिक, भोंसले की संपत्ति में 268 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वह 2014 और 2019 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से सांसद थे और 2024 में महाराष्ट्र के सतारा से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुने गए। साल 2014 में, उनके पास 60 करोड़ रुपये की संपत्ति थी, जो 2019 में बढ़कर 199 करोड़ रुपये हो गई, और 2024 में बढ़कर 223 करोड़ रुपये हो गई। यानी कुल 160 करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। गुजरात के जामनगर से भाजपा सांसद मादम की संपत्ति में 130 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई, और 2024 में उनकी संपत्ति 147 करोड़ रुपये हो गई, जो 2014 से 747 प्रतिशत ज़्यादा है, जब उन्होंने 17 करोड़ रुपये की संपत्ति की घोषणा की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजमपेट सीट से वाईएसआरसीपी के पी वी मिधुन रेड्डी की संपत्ति 2014 में 22.59 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 124.25 करोड़ रुपये हो गई है, जबकि अभिनेत्री-सांसद हेमा मालिनी की संपत्ति 2014 में 178 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 100 करोड़ रुपये से ज़्यादा वृद्धि के साथ 278 करोड़ रुपये हो गई है। गुरुग्राम से भाजपा के सांसद राव इंद्रजीत सिंह की संपत्ति 2014 में 25 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 96 करोड़ रुपये वृद्धि के साथ 121 करोड़ रुपये हो गई, जो 385 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। शत्रुघ्न सिन्हा 2014 में भाजपा सांसद थे और बाद में तृणमूल कांग्रेस में चले गए। उनकी संपत्ति में 78 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई, जो 2014 में 131 करोड़ रुपये थी, और 2024 में बढ़कर 210 करोड़ रुपये हो गई। हरसिमरत कौर बादल की संपत्ति 2014 में 108 करोड़ रुपये से बढ़कर 2019 में 217 करोड़ रुपये हो गई, और 2024 में थोड़ी कम होकर 198 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें कुल 90 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस बीच, गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे की संपत्ति 2014 में 15 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 74 करोड़ रुपये हो गई, जबकि बारामती सांसद सुप्रिया सुले की संपत्ति 113 करोड़ रुपये से बढ़कर 166 करोड़ रुपये हो गई।

## महाराष्ट्र: कांग्रेस से निलंबित 12 पार्षद भाजपा में हुए शामिल



**ठाणे :** अंबरनाथ नगरपालिका परिषद के नवनिर्वाचित जिन 12 पार्षदों को चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ जुड़ने के कारण कांग्रेस ने निलंबित कर दिया था, वे अब औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस ने इस घटनाक्रम को लेकर भाजपा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जहां एक ओर कांग्रेस ने पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई की, वहीं भाजपा ने उन्हें अपने दल में शामिल कर लिया, जबकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गठबंधन को अस्वीकार्य बताया था। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने बुधवार देर रात यहां पार्टी कार्यालय में इस घटनाक्रम की घोषणा की और कहा कि यह कदम सत्ता की लालसा से नहीं बल्कि विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता से प्रेरित है। ये 12 पार्षद - प्रदीप नाना पाटिल, दर्शना पाटिल, अर्चना चरण पाटिल, हर्षदा पंकज पाटिल, तेजस्विनी मिलिंद पाटिल, विपुल प्रदीप पाटिल, मनीष म्हात्रे, धनलक्ष्मी जयशंकर, संजवनी राहुल देवड़े, दिनेश गायकवाड़, किरण बद्रीनाथ राठौड़ और कबीर नरेश गायकवाड़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण एवं मंत्री गणेश नाइक की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हो गये। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''जनता ने इन पार्षदों को चुना है और उन्होंने नागरिकों को विकास का वादा किया था। वे हमारे साथ इसलिए आए हैं क्योंकि सरकार गतिशील ढंग से काम कर रही है और लोगों को न्याय एवं विकास प्रदान करने में सक्षम है।'' भाजपा ने 20 दिसंबर को हुए स्थानीय निकाय चुनाव के बाद अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के साथ 'अंबरनाथ विकास आघाडी' (एवीए) के बैनर तले गठबंधन करके अंबरनाथ नगर परिषद (ठाणे जिले में) का नेतृत्व संभाला और सहयोगी शिवसेना को दरकिनार कर दिया, जो सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

## न्यूज ब्रीफ

### विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के उद्घाटन में भाग लेंगे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल 10 जनवरी को खेल और युवा कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे जबकि समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं को संबोधित करेंगे। दस विभिन्न थीम पर भारत मंडपम में होने वाले तीन दिवसीय संवाद में देश भर के दो हजार से अधिक युवा भाग लेंगे जबकि विदेश मंत्रालय के 'भारत को जाने' कार्यक्रम से 80 भारतवंशी युवाओं का चयन भी इसके लिये किया गया है। समारोह के पहले दिन भारत की विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर, महान बैडमिंटन खिलाड़ी और कोच पुलेला गोपीचंद, टेनिस धुरंधर लिएंडर पेस भी प्रतिभागियों से संवाद करेंगे।

### हरियाणा ने महिला वर्ग और दिल्ली ने पुरुष वर्ग में सेपकटकरा स्वर्ण पदक जीता

**दीव:** हरियाणा की महिलाओं और दिल्ली के पुरुषों ने बिहार की उम्मीद तोड़ते हुए 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' (केआईबीजी) सेपकटकरा स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा ने महिला सेपकटकरा फाइनल में बिहार को एक घंटे 15 मिनट में 2-1 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में दिल्ली ने बिहार को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। गत चैम्पियन ओडिशा ने 'बीच सॉकर' में हिमाचल प्रदेश को 7-0 से हराकर महिला फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात ने अरुणाचल प्रदेश को 6-3 से मात दी।

# हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना चाहते हैं, डब्ल्यूपीएल इसमें मदद करेगा: मंधाना




**नवी मुंबई:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम का लक्ष्य सभी प्रारूपों में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) इसमें अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि भारत की पहली वनडे विश्व कप में भी डब्ल्यूपीएल का अहम योगदान रहा। मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी शुक्रवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में डब्ल्यूपीएल के शुरुआती मुकाबले में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी जिसकी अगुआई भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर कर रही हैं। यह मैच उसी मैदान पर है जहां राष्ट्रीय टीम ने नवंबर में अपना पहला वैश्विक खिताब जीतकर इतिहास रचा था। हरमनप्रीत के साथ मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में मंधाना ने कहा, 'टी20 विश्व कप जीतना शानदार होगा।' उन्होंने कहा, 'हमने एकदिवसीय विश्व कप जरूर जीता है, लेकिन टीम में अब भी कई ऐसे पहलू हैं जिन पर हमें काम करने की जरूरत है। हम सही में यह कहना चाहते हैं कि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं। अभी हमें काफी सुधार करना है और मुझे पूरा भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल इस अंतर को पाटने में हमारी मदद करेगा।' मंधाना ने कहा कि भारतीय टीम सभी प्रारूपों में दबदबा बनाना चाहती है और इसमें डब्ल्यूपीएल अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, 'जब भी हम भारत के लिए खेलते हैं तो हमेशा इस बात पर चर्चा करते हैं कि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना चाहते हैं। सिर्फ एक-दो टूर्नामेंट के लिए नहीं, बल्कि पूरे साल के लिए। हर डब्ल्यूपीएल हमें उस लक्ष्य के और करीब ले जा रहा है।'

## सरफराज का सबसे तेज शतक बेकार, पंजाब ने मुंबई को एक रन से हराया



**जयपुर:** सरफराज खान ने लिस्ट ए क्रिकेट में किसी भारतीय का सबसे तेज अर्धशतक लगाया लेकिन गुरनूर बरार और मयंक मार्कंडेय के चार चार विकेटों की मदद से पंजाब ने विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई को आखिरी गेंद पर एक रन से हरा दिया। ग्रुप सी से नॉकआउट के लिये पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब और मुंबई के बीच बेहद रोमांचक मैच हुआ जिसमें पंजाब ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। जीत के लिये 217 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई के सरफराज ने 15 गेंद में अर्धशतक जमाया। मुंबई ने 15 ओवरों के भीतर दो विकेट पर 139 रन बना लिये थे। सरफराज ने 20 गेंद में सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 62 रन बनाये। उन्होंने पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा को तीन छक्के और तीन चौके लगाये। उनके आउट होने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने 45 रन बनाये लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। सूर्यकुमार यादव 15 और शिवम दुबे 12 रन ही बना सके। मुंबई को सिर्फ 16 रन की जरूरत थी और 27 ओवर तथा पांच विकेट बाकी थे। लेकिन राहुल चाहर ने 23वें ओवर में अय्यर को आउट कर दिया। इसके बाद मैच की तस्वीर पलट गई।

## बीसीबी ने आईसीसी को एक और पत्र लिखकर उसके टी20 विश्व कप मैचों का स्थान बदलने की मांग की




**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को आईसीसी को दूसरा पत्र लिखकर टी20 विश्व कप के लिये भारत आने को लेकर सुरक्षा चिंतायें जताई और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग दोहराई। विश्व कप सात फरवरी से शुरू हो रहा है और बांग्लादेश को कोलकाता में तीन तथा मुंबई में एक मैच खेलना है। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल से बाहर रखने के फैसले के बाद बांग्लादेश ने विश्व कप खेलने भारत आने से इनकार कर दिया। क्रिकेट बोर्ड के एक करीबी सूत्र ने पीटीआई को बताया ,'' खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरूल से मशविरे के बाद बीसीबी ने आईसीसी को फिर पत्र लिखा है। आईसीसी जानना चाहती थी कि सुरक्षा को लेकर उसकी क्या चिंतायें हैं और बीसीबी ने इससे अवगत कराया है ।'' उन्होंने पत्र के ब्यौरे के बारे में नहीं बताया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अभी तक इस पर चुप्पी साध रखी है और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से पूछा है कि सुरक्षा को लेकर उसकी क्या आशंकायें हैं। समझा जाता है कि बीसीबी खुद इस मसले पर बंटा हुआ है। बोर्ड का एक गुट नजरूल के कट्टर रवैये का पक्षधर है तो दूसरा गुट आईसीसी और बीसीसीआई से बातचीत का विकल्प खुला रखना चाहता है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले के बाद मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर रखने का फैसला किया गया। आईसीसी ने अभी तक कोई संकेत नहीं दिया है कि बांग्लादेश के मैच अन्यत्र कराये जायेंगे।

# सिंधू और सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में





**कुआलालंपुर:** भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली जापान की खिलाड़ी तोमोका मियाजाकी को हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की लेकिन पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने आठवीं वरीयता प्राप्त मियाजाकी को 33 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा, जिन्होंने एक अन्य मैच में चीन की गाओ फांग जी को 21-11, 4-21, 21-17 से हराया। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी भी मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 39 मिनट में 21-18 21-12 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। इस तरह से उन्होंने मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 4-0 कर दिया है। हालांकि भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी को हार का सामना करना पड़ा। सेन प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग-चीन के ली चेउक यिउ से 53 मिनट में 22-22, 15-21 से हार गए। शेट्टी को चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त शी यू क्यूई के खिलाफ 70 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 18-21, 21-18, 12-12 से हार का सामना करना पड़ा। तीस वर्षीय सिंधू ने वापसी करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मियाजाकी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इससे जापानी किशोरी के खिलाफ उनका करियर का रिकॉर्ड 2-1 हो गया है। सिंधू ने पहले गेम में 5-1 की बढ़त हासिल की और फिर लगातार 13 अंक जीतकर 18-4 की शानदार बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी काफी हद तक एकतरफा रहा, हालांकि 19 वर्षीय मियाज़ाकी 8-9 से पिछड़ने के बाद कुछ समय के लिए मुकाबले में बनी रहीं। लेकिन सिंधू ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया और 17-11 से छह अंक की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगा। युगल मुकाबले में सात्विक और चिराग ने शुरू में 6-3 की बढ़त हासिल की और फिर उसे 12-9 तक पहुंचा दिया। मलेशियाई जोड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर अंतर को कम किया, लेकिन भारतीय जोड़ी ने जल्द ही वापसी करते हुए 16-12 की बढ़त बना ली। जुनैदी और रॉय ने इस बीच एक बार 18-17 से बढ़त बनाई लेकिन सत्विक और चिराग ने लगातार चार अंक हासिल करके पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई टीम 8-8 के स्कोर तक बराबरी पर रही। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने इंटरवल तक 11-8 की बढ़त बना ली और फिर आसानी से मैच जीत लिया।

## ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां टेस्ट जीतकर एशेज 4-1 से अपने नाम की



**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में पांच विकेट से जीत दर्ज कर एशेज श्रृंखला 4-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 384 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में जैकब बेथेल के 154 रन के बावजूद 342 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 567 रन बनाकर 183 रन की बढ़त हासिल करने वाली ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य मिला।लगातार विकेट गिरने और एक विवादास्पद डीआरएस फैसले के बीच ऑस्ट्रेलिया ने 31.2 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। एलेक्स कैरी 16 और कैमरन ग्रीन 22 रन बनाकर नाबाद रहे। यह 39 वर्षीय उस्मान ख्वाजा का आखिरी टेस्ट था, जिन्हें मैदान पर उतरते समय इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन हर विभाग में प्रभावशाली रहा। मिचेल स्टार्क ने 31 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। ट्रैविस हेड ने तीन शतक लगाते हुए 629 रन बनाए, जबकि विकेटकीपर कैरी ने 28 शिकार किए। कप्तान स्टीव स्मिथ ने टीम के सामूहिक प्रदर्शन की सराहना की।इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने हार को निराशाजनक बताते हुए कहा कि उनकी टीम इससे बेहतर कर सकती थी। पांच दिनों में कुल 2,11,032 दर्शकों की मौजूदगी के साथ यह टेस्ट सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के लिए रिकॉर्ड रहा।



## एयर इंडिया को निजीकरण के बाद मिला अपना पहला ड्रीमलाइनर विमान




**नयी दिल्ली:** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने निजीकरण के बाद अपना पहला बोइंग 787-9 विमान प्राप्त कर लिया है। टाटा समूह ने जनवरी 2022 में सरकार से विमानन कंपनी का स्वामित्व हासिल किया था। यह एयर इंडिया के लिए विशेष रूप से विनिर्मित या 'लाइन फिट' पहला ड्रीमलाइनर विमान भी है। सामान्य तौर पर, 'लाइन फिट' का तात्पर्य किसी विशेष विमानन कंपनी के लिए विशेष रूप से विनिर्मित विमान से होता है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि एयर इंडिया ने सात जनवरी को सिएटल में बोइंग के एवरेट कारखाने में 'ड्रीमलाइनर' का स्वामित्व हासिल किया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा निरीक्षण के बाद इस विमान के अगले कुछ दिन में भारत पहुंचने की उम्मीद है। जनवरी 2022 में निजीकरण के बाद एयर इंडिया द्वारा लिया जाने वाला यह पहला 'लाइन फिट' ड्रीमलाइनर है। नए विमान में तीन श्रेणियों इकोनॉमी, प्रीमियम इकोनॉमी और बिजनेस क्लास होंगी। एयर इंडिया ने आखिरी बार 'लाइन फिट' ड्रीमलाइनर अक्टूबर 2017 में हासिल किया था जब विमानन कंपनी सरकार के स्वामित्व में थी। अधिकारी ने बताया कि यह नवीनतम विमान उसका पहला 'वाइड-बॉडी' विमान है और 2023 में ऑर्डर किए गए 220 बोइंग विमान में से 52वां विमान है। एयर इंडिया एक्सप्रेस को पहले ही 'नैरो-बॉडी' बोइंग 737-8 के 51 विमान की आपूर्ति मिल चुकी है। इसमें दिसंबर के अंत में शामिल किया गया उसका पहला 'लाइन फिट' विमान भी शामिल है। टाटा समूह द्वारा जनवरी 2022 में अधिग्रहण के बाद, एयर इंडिया ने 350 एयरबस और 220 बोइंग विमान का ऑर्डर दिया। एयरबस के ऑर्डर में से 6 ए350 विमान पहले ही एयर इंडिया के बेड़े में शामिल किए जा चुके हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के 'कैशलेस' उपचार वाली योजना का प्रधानमंत्री जल्द करेंगे शुरुआत: गडकरी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकद-रहित उपचार योजना की औपचारिक शुरुआत करेंगे। गडकरी ने यहां राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह योजना सड़क दुर्घटनाओं में समय पर चिकित्सा सहायता न मिलने से होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से लाई जा रही है। इस बैठक में सड़क सुरक्षा, यात्रियों की सुविधा, व्यापार सुगमता और वाहन नियमन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। यह योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग से होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी। मोटर वाहन के उपयोग से होने वाली किसी भी सड़क दुर्घटना का शिकार व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के अनुरूप 'कैशलेस' उपचार का हकदार होगा। कैशलेस उपचार मिलने से सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को समय पर इलाज मिलने की राह आसान होने की संभावना है।

# अमेरिकी शुल्क की चिंता से सेंसेक्स 780 अंक लुढ़का, निफ्टी 26,000 के नीचे आया




**मुंबई:** वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली और अमेरिकी शुल्क बढ़ाए जाने की आशंका के बीच बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट आई। सेंसेक्स 780 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 264 अंक टूटकर 26,000 के नीचे आ गया। विश्लेषकों के मुताबिक, धातु, तेल एवं गैस और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी ने बाजार पर दबाव बनाए रखा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 780.18 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़ककर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 851.04 अंक तक गिरकर 84,110.10 के स्तर तक आ गया था। बीएसई पर कुल 3,158 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि 1,039 शेयरों में बढ़त हुई और 170 शेयर अपरिवर्तित रहे। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, बढ़ते भौगोलिक तनावों और वैश्विक व्यापार संबंधी चिंताओं के बीच बाजार का रुख कमजोर हुआ, जिससे कुल मिलाकर जोखिम उठाने की प्रवृत्ति प्रभावित हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली और रुपये की कमजोरी ने नकारात्मक रुझान को और बढ़ा दिया। वैश्विक संकेत मिले-जुले रहने और वित्तीय नतीजों के आने के साथ, कारोबारी गतिविधि सतर्क रही और मुख्य रूप से शेयरों तक ही सीमित रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और ट्रेंट सबसे ज्यादा नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे सत्र में गिरावट जारी रही और चार महीने से अधिक समय में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। पिछले चार दिनों में बीएसई बेंचमार्क 1,581.05 अंक यानी 1.84 प्रतिशत टूटा जबकि और निफ्टी 451.7 अंक यानी 1.71 प्रतिशत नुकसान में रहा।

### चांदी 12,500 रुपये टूटकर 2.43 लाख रुपये प्रति किलोग्राम, सोना 900 रुपये फिसला

**नयी दिल्ली:** दुनिया भर में मुनाफावसूली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत अपने रिकॉर्ड स्तर से 12,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई, जबकि सोने की कीमतों में 900 रुपये की गिरावट देखी गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को चांदी 5,000 रुपये बढ़कर 2,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपये टूटकर 1,40,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई, जबकि पिछला बंद भाव 1,41,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सुरक्षित निवेश की मांग कम होने की वजह से कारोबारियों ने अपने सौदे कम किए।

## अधिकतर भारतीय पेशेवरों की 2026 में नौकरी बदलने की योजना: लिंक्डइन



**नयी दिल्ली:** भारत में अधिकतर पेशेवर 2026 में एक नई भूमिका की तलाश में है। हालांकि अनिश्चितता एवं कौशल अंतराल के कारण कुछ लोग बढ़ती प्रतिस्पर्धा, नई भूमिका के लिए एआई-संचालित भर्ती प्रक्रिया में खुद को उपयुक्त महसूस नहीं करते हैं। पेशेवर मंच लिंक्डइन के नए सर्वेक्षण के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग, आज की नौकरियों के लिए तेजी से बदलती कौशल आवश्यकताओं और तेजी से प्रतिस्पर्धी लेकिन चयनात्मक नौकरी बाजार के बीच 84 प्रतिशत पेशेवर नई नौकरी खोजने के लिए खुद को तैयार महसूस नहीं करते हैं। लिंक्डइन के आंकड़ों के अनुसार, भारत में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या 2022 की शुरुआत से दोगुनी से अधिक हो गई है जिससे प्रतिस्पर्धा और भी बढ़ गई है। कई लोग खुद को इसके लिए तैयार महसूस नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा, करीब 74 प्रतिशत ने कहा कि पिछले एक साल में योग्य प्रतिभाओं को ढूंढना और भी कठिन हो गया है। लिंक्डइन की 'करियर एक्सपर्ट' एवं लिंक्डइन इंडिया की वरिष्ठ प्रबंध संपादक (न्यूज) निराजिता बनर्जी ने कहा, 'भारत के रोजगार बाजार में करियर बनाने और प्रतिभा मूल्यांकन में एआई एक मूलभूत भूमिका निभाता है। पेशेवरों को सबसे ज्यादा जरूरत इस बात की स्पष्ट समझ की है कि उनके कौशल अवसरों में कैसे तब्दील होते हैं और भर्ती संबंधी निर्णय वास्तव में कैसे लिए जाते हैं। 'उन्होंने कहा, 'हालांकि एआई उपकरण का उद्देश्यपूर्ण उपयोग किए जाने पर ये, लोगों को उनकी उपयुक्त भूमिकाओं की पहचान करने, उद्देश्यपूर्ण तैयारी करने और अपने सीखने को सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान देने में मदद करके इस अंतर को पाट सकते हैं।

## बीएचईएल ने वंदे भारत 'स्लीपर' ट्रेन के लिए सामान की आपूर्ति की शुरू



**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल ने वंदे भारत 'स्लीपर' ट्रेन के लिए सेमी-हाई-स्पीड 'अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर' की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि ट्रेन की 'असेंबल' प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए 'ट्रैक्शन कन्वर्टर' कोलकाता भेजे जा रहे हैं। 'अंडरस्लंग ट्रैक्शन कन्वर्टर' एक प्रकार का उपकरण है जिसका उपयोग रेलवे इंजनों या 'इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट' ट्रेन में कर्षण प्रणाली के हिस्से के रूप में किया जाता है। इसमें कहा गया कि कंपनी के बेंगलुरु संयंत्र में इसके लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बीएचईएल की निदेशक (आईएसएंडपी) बानी वर्मा ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में 'ट्रैक्शन कन्वर्टर' की पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्थापित : 1956
हरियाणा नागरिक संघ
119, कॉटन स्ट्रीट, कोलकाता-7, फोन : 2218 7065
गंगासागर मेला सेवा शिविर-2026
उद्घाटन समारोह : शनिवार, 10.01.2026 ● सायं 4 बजे
मोहनबगान क्लब के बगल में, आउटराम घाट (कैम्प-36)
दिनांक 9 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक अनवरत सेवारत
शिविर में चाय-बिस्कुट, कच्ची रसोई, दाल, भात, सब्जी, पूड़ी, प्राथमिक चिकित्सा एवं मोबाईल चार्ज की व्यवस्था रहेगी।
समारोह अध्यक्ष : श्री दीनदयाल गुप्ता (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
प्रधान अतिथि : श्री पवन कुमार अग्रवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
उद्घाटनकर्ता : श्री बृजमोहन बेरीवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
प्रधान वक्ता : डॉ. सांवर धनानिया (भूतपूर्व चेयरमैन, रबरबोर्ड इंडिया)
विशिष्ट अतिथि : श्री महेश कुमार अग्रवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल (सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति)
आपकी उपस्थिति, मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग हेतु प्रतिदिन सेवार्थ आमंत्रण
सुरेश गुप्ता, चेयरमैन, संरक्षक मंडल | सुभाष जैन, चेयरमैन, स्कूल कमेटी | बाबूलाल धनानिया, सभापति
शंकरलाल कारीवाल, उपाध्यक्ष | द्वारिका प्रसाद अग्रवाला, कोषाध्यक्ष | गोरधन निगानियां, मानद सचिव
संयोजक : द्वारिका प्रसाद अग्रवाला, कमलेश (विक्की) हेतमपुरिया, मोहन गोयल, नवीन कानोड़िया, विजय खोरड़िया, विकाश गोयल, राजेश गोयल

वर्ष 10, पूर्णांक 3468 अंक 278, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in